## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रात: 6:30 बजे।

☞ महिला डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### क्षय रोग विभाग में तैनात कर्मचारी की मौत



**रामपुर, अमृत विचार :** जिला क्षय रोग विभाग में तैनात कर्मचारी सत्यवीर सिंह का लंबी बीमारी के चलते मेरठ में निधन हो गया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा की। दो मिनट का मौन धारण मृतक की आत्मा की शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि सत्यवीर सिंह को सांस लेने में दिक्कत थी। उन्हें निजी चिकित्सकों को दिखाया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें मेरठ ले गए। वहां वह तीन दिन वेंटीलेटर पर रहे। रविवार की शाम सात बजे उनका निधन हो गया। वह कार्यालय में एनटीईपी (नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलेमिनेशन प्रोग्राम) देखते थे। शोकसभा में डा. सतवीर सिंह, कामरान, अखलाक, धर्मेंद्र सिंह, सुलभ माथुर, प्रेम प्रकाश आदि कर्मचारी शामिल रहे।

# आईसीएससी-आईएससी का रिजल्ट देख खिले चेहरे

## कक्षा 12 की छात्रा रिशिका ने पाए 93 प्रतिशत अंक, कक्षा दस में विमल कुमार को मिले 94.2 प्रतिशत नंबर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



रिजल्ट आने के बाद खुशी जाहिर करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को आईसीएससी 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए। साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा रिशिका ने 93 प्रतिशत और हाईस्कूल के विमल कुमार ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सफल हुए छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं इसी तरह तरक्की की राहों पर आगे बढ़ते रहें।

पटवाई के लदौरा नारायपुर स्थित साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल आईसीएससी और आईएससी बोर्ड से संबंधित है। सोमवार को आईसीएसी और आईएससी बोर्ड ने 12वीं एवं 10वीं का रिजल्ट घोषित किया। इसमें साईं सीनियर सेकेंडरी कक्षा 12वीं में रिशिका ने उच्च स्थान प्राप्त किया है। उसने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जबकि अक्षरा सक्सेना ने 88 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आदित्य सक्सेना 87.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा कक्षा 10 में विमल कुमार ने विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर गौरांशी ठाकुर रहीं। उन्होंने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ वार्षिक रावत तृतीय स्थान पर रहे। साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं में 78 एवं 12वीं में 42 विद्यार्थी पंजीकृत थे। कक्षा 10 में 76 बच्चे पास हो गए। जबकि इंटरमीडिएट में 42 में से 35 बच्चे उत्तीर्ण हुए। प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को निरंतर मेहनत करते हुए आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।


रिशिका लोधी 93%


अक्षरा सक्सेना 88%


आदित्य सक्सेना 87.75%


तुषार कुमार 86.5%


विकास कुमार 80.5%


विमल 94.2%


गौरांशी ठाकुर 92.4%


वार्षिक रावत 91.2%


अदिति 85.2%

## ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का हुआ समापन

**रामपुर, अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन के 30 दिवसीय निशुल्क कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। इसमें एलडीएम मदन मोहन प्रसाद ने कहा कि ब्यूटी पार्लर के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। इन्हें हासिल कर खुद की समाज में अलग पहचान बनाएं। खुद को सबसे अच्छा समझें और जीवन में खूब तरक्की करें।

उन्होंने कहा कि फैशन के इस दौर में ब्यूटी पार्लर खोलकर असीमित धन कमाया जा सकता है। ब्यूटी पार्लर खोलने के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता भी नहीं होती। यह हाथ का हुनर है। इसमें एक दुकान और उसमें शीशा आदि लगाने के लिए मामूली खर्च आता है। इस कारोबार में तीन से चार महिलाएं रोजगार पा सकती हैं।

आरसेटी निदेशक अभिषेक आर्या ने कहा कि महिलाएं समाज का आईना हैं। अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। अंत में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

# बिना एनओसी डिस्ट्रीब्यूटर नहीं बना सकती कंपनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


बैठक को संबोधित करते डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान।

**अमृत विचार :** डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान ने कहा कि मल्टीनेशनल और इंडियन कंपनियों को चाहिए कि वह ऑनलाइन कंपनियों और मॉल्स को माल देना बंद करें। इससे डिस्ट्रीब्यूटर सेल को नुकसान हो रहा है। इसकी वजह से टारगेट पूरे नहीं हो पाते। इसके बाद कंपनियां टारगेट का दबाव बनाती हैं जो गलत है।

रामपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की बैठक सोमवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल में हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष शोएब मोहम्मद ने कहा कि कंपनी का एक डिस्ट्रीब्यूटर पूरे शहर को माल बेचता है। इसके बाद ऑनलाइन कंपनियां और मॉल उसी शहर के अंदर सामान भेजेंगी तो सामान तो उसी शहर में ही बिकेगा। कंपनियां डिस्ट्रीब्यूटर, मॉल और ग्राहक को ऑनलाइन सामान पहुंचा रही है। इससे उनकी सेल बढ़ रही है, लेकिन अन्य कंपनियां यह नहीं सोचती कि जब कंपनी शहर में ऑनलाइन सामान बेच रही हैं तो इससे डिस्ट्रीब्यूटर की सेल पर असर पड़ता है। उसकी सेल में 50 प्रतिशत गिरावट आ जाती है।

एसोसिएशन के सेक्रेटरी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। कोई भी कंपनी बगैर एनओसी के डिस्ट्रीब्यूटर नहीं बना सकती। इस मौके पर संजय गर्ग, योगेश गर्ग, हरीस शम्सी, साकेब अहमद, उमैर अहमद, सागर शम्सी, आदिल शम्सी, गौरव जैन, यूनुस खान, प्रदीप अग्रवाल, नासिर शम्सी, सुभाष अरोड़ा, राजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## गुरुद्वारे की गुल्लक तोड़कर रुपये चुराए अज्ञात पर रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** चोरों ने करीब दो सप्ताह पूर्व क्षेत्र के एक गुरुद्वारे की गुल्लक को तोड़कर सात हजार रुपये चुरा लिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के महेशपुरा मक्खन फार्म निवासी गुरदीप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 अप्रैल की रात गांव स्थित गुरुद्वारे में चोर घुस गया था। उसने गुल्लक का ताला तोड़कर करीब सात हजार रुपये चुरा लिये। इस पर गुरदीप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि गुरुद्वारे से गुल्लक तोड़कर नकदी चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुछ अहम सुराग मिले हैं। जल्दी ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सजल बने संकल्प शाखा के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● शाखा की नव निर्वाचित कार्यकारणी ने ली शपथ

**अमृत विचार :** सोमवार रात गांधी समाधि स्थित होटल में संकल्प शाखा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। भारत विकास परिषद के प्रांतीय अधिकारियों की मौजूदगी में शाखा की नव निर्वाचित कार्यकारणी ने शपथ ग्रहण की।

शाखा के अध्यक्ष सीए सजल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई। इसके बाद स्वागत गीत से करिश्मा गुप्ता और रति सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात बच्चों ने भजन और डांस की प्रस्तुती दी।

गीतिका अग्रवाल ने विष्णु सहस्रनाम का संस्कृत में उच्चारण किया। शाखा में इस वर्ष 10 नए सदस्य जुड़े हैं। उन्हें प्रांतीय अधिकारी गौरव अग्रवाल ने शपथ दिलाई। इसके बाद प्रांत से आए निर्मल मेहता, अजय विश्नोई, गौरव अग्रवाल, माधव गुप्ता और सुनीता अग्रवाल ने भारत विकास परिषद के उद्देश्य और विचारधारा के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में जगन्नाथ चावला, गौरव वार्ष्णेय, रविन्द्र गुप्ता, अनिता वैश्य, डॉ. पुलकित, डॉ. दीपांशु, निमित अग्रवाल, अमित राज, संचित, अर्पित खंडेलवाल, सचिन अग्रवाल, सुमित मित्तल, प्रलभ, शलभ, अधीश, मुकुल, विशाल, तरुण, प्रखर, मुदित, मुकुंद, मोहित, पंकज, अमित सक्सेना, पुलकित, शिवांगी, पूजा, कन्नगी, इंदु, प्रशाली, स्वाति, मोक्षी, नेहा मित्तल आदि मौजूद रहे।


जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव।

# रख-रखाव के नाम पर वार्षिक शुल्क वसूल रहे निजी स्कूल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने जिला शिक्षा बेसिक अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने आरटीई योजना के तहत बेसिक शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों से निजी स्कूलों द्वारा रखरखाव के नाम पर वार्षिक शुल्क वसूलने का आरोप लगाया।

कहा कि कुछ स्कूलों द्वारा आरटीई योजना के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों से रखरखाव के नाम पर वार्षिक शुल्क वसूला जा रहा है। इस शुल्क की कोई रसीद भी अभिभावकों को नहीं दी जा रही है। सैयद विक्की मियां ने कहा कि आरटीई योजना के तहत स्कूलों में सीटें बढ़ाई जाएं। पर्याप्त सीटें न होने की वजह से बहुत से बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। शाहरून खां ने कहा कि महिला कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी उनके कार्य क्षेत्र में ही लगाई जाए। इस मौके पर शाहरुन खां, जहांगीर खां मौजूद रहे।

# लकड़ी कारोबार मिटने पर बढ़ेगी बेरोजगारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

● व्यापारियों ने वाणिज्यकर के डिप्टी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने वाणिज्य कर के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि आरा मशीन व पिलिंग मशीन संचालक लकड़ी माफिया और जीएसटी कार्यालय के संरक्षण से लगातार तबाह हो रहे हैं। जीएसटी विभाग के संरक्षण की आड में खुलेआम सड़क पर ट्रकों में लकड़ी लादी जा रही है।

संदीप सोनी ने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर संदेश जैन को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि लाईसेंस होल्डर आरा मशीन संचालक व पिलिंग मशीन संचालक हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं। लाईसेंस होल्डर मशीन चालकों का जीएसटी कार्यालय द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। जनपद में एकमात्र लकड़ी का ही व्यापार रह गया है। इसके समाप्त होने से जिले में बेरोजगारी और बढ़ जाएगी। लकड़ी के व्यापार से ही जिले के बाजारों में चमक है। उद्योग को ब्लैकमेल करने के स्थान पर मजबूती देने व सहयोग करके बढ़ावा दिया जाना चाहिए। लकड़ी व्यापारियों पर हो रहे अत्याचार व ब्लैकमेलिंग पर विराम लगाया जाए। लकड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर व मजबूती प्रदान की जाए।

इस अवसर पर राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, शाहिद अली, मसूद अहमद, सुदेश यादव, हरिओम सैनी, पप्पू खान, नाजिम खान, लालमन सैनी, अलाउद्दीन, शहजेब खान, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सक के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

**मसवासी, अमृत विचार :** मोहल्ला तेलीपुरा निवासी मोहम्मद इरफान ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर शिकायत की है। कहा कि एक माह पूर्व उसके चिकित्सक भाई को सेमरा लाडपुर से लौटते समय तीन लोगों ने पीटकर जख्मी कर दिया था। आरोपियों ने तमंचे से फायर भी किया था। उसकी टांगों में छर्रे लगे हैं। स्वर कोतवाली में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वह इस मामले की पैरवी कर रहा है।

पीड़ित के अनुसार वह 14 अप्रैल को रहमतगंज से लौट रहा था। तीन लोगों ने उसे घेर लिया और पैरवी से न हटने पर जान से मारने की धमकी दी है। उसके छोटे भाई चिकित्सक फैज अहमद के हाथ और पैरों में फ्रेक्चर हो चुके हैं। पुलिस मेडिकल के आधार पर मामला दर्ज नहीं कर रही है। आरोपी खुलेआम मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। इरफान ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# डीएम की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय टास्क फोर्स गठित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● निरीक्षण कर नियमित प्रवर्तन की कार्रवाई को प्रभावी बनाएगी टीम

● अधिकारियों को रोस्टर के तहत चिह्नित चेकिंग प्वाइंट पर किया तैनात

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, प्रभारी वनाधिकारी, सभी एसडीएम, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और खनन अधिकारी शामिल हैं। यह टास्क फोर्स प्रत्येक माह दो स्थलों का औचक निरीक्षण करके नियमित प्रवर्तन की कार्रवाई को प्रभावी बनाएगी।

जिलाधिकारी द्वारा पहले ही जिले में वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में टीमों का गठन किया जा चुका है। इन अधिकारियों को रोस्टर के तहत चिन्हित चेकिंग प्वाइंट पर तैनात किया गया है। यह लगातार चेकिंग अभियान को प्रभावी बना रहे हैं। जिले के प्रमुख मार्गों पर आवागमन के सुचारु संचालन और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर से नो एंट्री और न्यूनतम गति सीमा को भी प्रभावी बनाने पर विचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षित परिवहन के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सभी एसडीएम और सीओ मौजूद रहे।

**परेशानी** लॉकडाउन से पहले महिला यात्रियों को 50 और पुरुषों को मिलती थी 30 प्रतिशत छूट

# वरिष्ठ नागरिकों ने की आरक्षण में छूट दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


रेल की बोगी में हाथ हिलाते यात्री।

● कोरोना संक्रमण काल में छूट कर दी थी बंद, छूट नहीं मिलने से यात्री परेशान

**अमृत विचार :** ट्रेनों में वरिष्ठ नागरिकों को आरक्षण के दौरान किराए में मिलने वाली छूट को लॉकडाउन के बाद से सरकार ने बंद कर दिया है। इससे अब लोगों को परेशानी आ रही है। इस बारे में यात्रियों ने रेलवे के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन स्थिति जस की तस है।

सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) को आरक्षण में महिलाओं को 50 और पुरुषों को 30 प्रतिशत छूट दी जाती थी। लेकिन चार वर्ष पहले कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन लगा दिया गया था। इसके बाद काफी समय के लिए कुछ गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। इस दौरान आरक्षण में सीनियर सिटीजन को किराए में मिलने वाली छूट बंद दी थी। चार वर्ष बाद भी रेल प्रशासन ने सीनियर सिटीजन के किराए में दी जाने वाली छूट को लागू नहीं किया है। बुजुर्ग यात्रियों को लोअर बर्थ भी नहीं मिल पाती है। इससे उन्हें सफर के दौरान दिक्कत होती है। यात्रियों ने कई बार रेलवे के अधिकारियों से मांग की है कि पहले की तरह किराए में छूट दी जाए, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस है।


सीनियर सिटीजन को किराए में छूट नहीं दी जा रही है। सरकार को बुजुर्गों को किराए में छूट देनी चाहिए। ताकि सफर करने में आसानी हो सके।
– मंजू सक्सेना


लॉकडाउन से सीनियर सिटीजन को किराए में दी जाने वाली छूट क्यों नहीं दी जा रही है। रेलवे को किराए में दी जाने वाली छूट को फिर से लागू कर देना चाहिए।
– शीलावती यादव


बुजुर्ग यात्रियों को किराए में मिलने वाली छूट को लागू नहीं किया गया है। कोरोना काल के बाद पूरा किराया दे रहे हैं। बुजुर्ग यात्रियों को लोअर बर्थ नहीं मिलने पर दिक्कत होती है।
– राजीव कुमार


स्लीपर कोच में बुजुर्गों को लोअर बर्थ की बजाए ऊपर की बर्थ दे दी जाती है। इससे उन्हें दिक्कत होती है। रेल प्रशासन को पहले की तरह किराए में छूट देनी चाहिए।
– प्रमोद कुमार


डीएम को स्कार्फ बांधते जिला स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह। ● अमृत विचार

# जिलाधिकारी को बांधा स्कार्फ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत स्काउट-गाइड के प्रादेशिक सहायक संगठन आयुक्त सितारा त्यागी एवं जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड बलराम सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह से परिषद की बैठक के संबंध भेंटवार्ता की। सितारा त्यागी व बलराम सिंह ने उन्हें स्काउट मोमेंटो एवं बुके भेंट किया।

जिला स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह ने जिलाधिकारी को स्कार्फ व जिला सचिव स्काउट-गाइड ओमप्रकाश सैनी ने स्काउट कैप पहनाकर सम्मानित किया। जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने जिलाधिकारी से संगठन की परिषद की बैठक आयोजित करने की मांग की। जिलधिकारी ने अति शीघ्र परिषद की बैठक आयोजित कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट डॉ. शिवोम शर्मा, जिला आयुक्त गाइड रीता जेसवाल, जिला गाइड कैप्टन निदा खुशनूद, कुशल राणा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट जीतू कुमार, जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवंत कौर आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### रास्ते के विवाद में भतीजों ने चाची से की मारपीट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रास्ते के विवाद में युवक ने चाची को पीटकर घायल कर दिया। केमरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रास डंडिया गांव निवासी आरोपी जितेन्द्र कुमार पुत्र नेमचंद्र गंगवार है। जितेंद्र व उसके भाई पपेन्द्र कुमार के विरुद्ध उसकी चाची विनीता देवी पत्नी सेवाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसका मेडिकल भी कराया था। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद है। इसको लेकर कुछ दिन पहले पंचायत भी हुई थी। इसके बावजूद रविवार को फिर से विवाद हुआ और भतीजों ने चाची को घायल कर दिया। पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### राजद्वारा क्षेत्र की तीन घंटे ठप रही बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला राजद्वारा क्षेत्र की बिजली तीन घंटे तक सोमवार ठप रही। इसे उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आरडीएसएस योजना के तहत राजद्वारा क्षेत्र के जर्जर केबल को बदला जा रहा है। इसके चलते नवाबगेट उपकेंद्र से शटडाउन कराया गया। जेई अजय यादव ने बताया कि जर्जर तारों व खंभों की सही कराने के लिए 12 से दोपहर तीन बजे तक आपूर्ति बाधित रही।

# दवा के गोदाम में आग से लाखों की क्षति

## फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पाया काबू, शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा कारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शॉर्ट सर्किट से दवा के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये की दवा जलकर राख हो गई। सोमवार की सुबह 5:30 बजे दवा के गोदाम में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंच गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक लाखों रुपये की दवाएं जलकर राख हो गईं।

सदर कोतवाली के मोहल्ला राजद्वारा निवासी हिमांशु अग्रवाल की सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शादी की मडैया में सिंघल ड्रग एजेंसी है। रोजाना की तरह रविवार शाम भी वह गोदाम बंद करके घर चले गए थे। सोमवार की सुबह करीब 5:30 बजे उन्हें पता चला कि एजेंसी में आग लग गई है। जानकारी मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहुंच गए। तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। दवा के गोदाम से ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थीं। मौके पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ मौजूद थी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। इस बीच सूचना पर फायर ब्रिगेड भी आ गई। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक लाखों रुपये की दवा जलकर राख हो चुकी थी। हिमांशु अग्रवाल का कहना है कि हादसा शॉर्ट सर्किट से हुआ है। इसमें लाखों रुपये की दवा जल गई।


दवा के गोदाम में लगी आग। ● अमृत विचार

> सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शादी की मडैया स्थित दवा के गोदाम में आग लग गई थी। सूचना के बाद तीन वाहनों को मौके पर भेजकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।
> –अंकुश मित्तल, सीएफओ


आग लगने के बाद पड़े दवाओं के डिब्बे।

### घंटे भर की मशक्कत के बाद पाया काबू

आग लगने की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझानी शुरू की। लेकिन आग काबू में नहीं आ पा रही थी। इस पर फायर ब्रिगेड की दो और गाड़ियों को बुलाया गया। इसके बाद करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### आगे लगने से मची अफर-तफरी

आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। चीख पुकार सुनकर घरों में सो रहे लोग भी एकत्र हो गए। हालांकि फायर ब्रिगेड के वाहन आने के बाद लोग गोदाम के अंदर घुस गए और सामान को हटाने लगे। आग बुझने तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। करीब तीन घंटे तक घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र रही।

## डूंगरपुर के एक मामले में सफाई साक्ष्य पूर्ण

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य पेश किए गए। अब इस मामले में 14 मई को बहस होगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर कई मुकदमे 2019 में दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में सपा के पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकतअली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के अलावा सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। इस मामले की सुनवाई सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई। बचाव पक्ष की ओर से सफाई साक्ष्य पेश किए गए। इसके अलावा डूंगरपुर के दूसरे मामले में गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। इस मामले में अब नौ मई को सुनवाई होगी।

एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि डूंगरपुर के एक मामले में बहस के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की गई है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में गई युवक की जान, दो घायल

संवाददाता, शाहबाद

- अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शाहबाद-टांडा मार्ग पर गुजरैला चौराहे के निकट दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार उसका दोस्त और दूसरी बाइक सवार युवक घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के भाई की तहरीर पर दूसरे बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



कोतवाली क्षेत्र के ऊंचा गांव निवासी मनोज कोरी (27) अनाज की खरीद-फरोख्त का काम करता था। उसके भाई रमेश के अनुसार रविवार को वह नबीगंज जदीद निवासी अपने दोस्त राजेश को बुलाने शाहबाद गया था। देर शाम दोनों मनोज की बाइक से गांव लौट रहे थे। शाहबाद-टांडा मार्ग पर गुजरैला चौराहे पास तेजी से गांव गुजरैला निवासी रवि की बाइक से मनोज की बाइक की टक्कर हो गई।

हादसे में मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। यहां से प्राथमिक उपचार देकर उसे रामपुर रेफर कर दिया गया। रामपुर ले जाते समय मनोज कुमार ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने रमेश की तहरीर पर रवि के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**भोट, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई के बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के गुजरैला गांव निवासी रामअवतार (40) राजमिस्त्री का काम करके परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके छोटे भाई अर्जुन ने बताया कि सोमवार की सुबह अचानक राम अवतार की तबियत खराब हो गई। इस पर वह उसे रूद्रपुर स्थित निजी चिकित्सालय ले गए थे। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे बिलासपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की मौत से परिवार कोहराम मच गया। दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के अनुसार रामअवार के परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं।

## सार संक्षेप

### महिला ने पति और ससुराल वालों पर कार्रवाई को मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**मिलक, अमृत विचार :** पति और ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला असदुल्लापुर निवासी एक महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी शादी मोहल्ला के ही युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले मारपीट करते हैं। कई बार उसे जान से मारने की कोशिश कर चुके हैं। ससुराल वालों ने दवा खिलाकर जबरन उसका गर्भपात करा दिया। आरोप लगाया कि पति के नगर की ही एक महिला से अवैध संबंध है। इसके चलते पति उसे तलाक देने की धमकी दे रहा है। पति और ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है। उसने मामले की जांच कर पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### 18 मई को स्कूल में होगी प्रवेश परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती नाम-राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज) में कक्षा छह, सात, आठ, नौ एवं 11 में अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों के पुन: प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र व अभिभावक 15 मई तक आवेदन पत्र विद्यालय के कार्यालय से प्रात: 10 बजे से अपराह्न चार बजे नि:शुल्क प्राप्त कर समस्त वांछित प्रपत्रों सहित जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 18 मई को विद्यालय में ही होगी। परीक्षा में सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन व प्रवेश प्रक्रिया 21 मई से प्रारम्भ होगी।

### दहेज लोभियों ने महिला को घर से निकाला

**स्वार, अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये व अल्टो कार की मांग पूरी नहीं करने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली के गांव मधुपुरा निवासी रामसिंह ने अपनी बेटी सुमन की शादी दो वर्ष पूर्व टांडा थाना क्षेत्र के गांव मुंडी मिलक निवासी भजनलाल के बेटे रामवीर के साथ की थी। उसके ससुराली दहेज से खुश नहीं थे। उन्होंने दहेज में पांच लाख रुपये व कार की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न करने पर रविवार को उन्होंने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। सोमवार को पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति रामवीर, सास भगवती, जेठ लालसिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर व केमरी पुलिस ने गैर-जमानती वारंट तथा शराब के मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि गैर जमानती वारंटों के आधार पर मोहल्ला विशारदनगर निवासी मुन्ना तथा धावनी हसनपुर गांव निवासी शराफत को गिरफ्तार किया है। मुन्ना पर धोखाधड़ी और शराफत पर दहेज उत्पीड़न सम्बंधी वाद विचाराधीन है। दोनों आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हो रहे थे। उधर खजुरिया के थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मुशर्रफगंज गांव निवासी कृपाल सिंह को दस लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा है। उसका आबकारी अधिनियम में चालान किया गया है।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी पकड़े

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खेत में भूसा बांधते समय हुई मारपीट के मामले में केमरी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली के मोहल्ला सराय गेट निवासी सुमित तथा थाना अजीमनगर के गांव बहादुरगंज निवासी विक्रम के विरुद्ध पिपलिया रायजादा गांव निवासी अंकुश ने तहरीर दी थी। इसमें कहा था खेत पर भूसा बांधते समय उसका आरोपियों से विवाद हो गया था। इस पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर में सोमवार की सुबह बाईपास पर एक कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तराखंड के चंपावत जिले के लोहाघाट थाना क्षेत्र के बसैड़ा टल्ला कमलिया गांव निवासी राकेश सिंह तथा चंदन सिंह कार में सवार होर दिल्ली से चंपावत जा रहे थे। डॉक्टर ने बताया कि अचानक नींद की झपकी आने से हादसा हो गया। उपचार के बाद घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।



## एक नजर

### नुक्कड़ सभा कर समाज को किया जाएगा जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज संगठन की बैठक सोमवार को कचहरी परिसर में हुई। इसमें बहुजन समाज के पदाधिकारी भीम प्रिय गौतम ने कहा कि दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर संगठन द्वारा नुक्कड़ सभा कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर हरिओम रवि, सत्यपाल सिंह बादल, चंद्रपाल सिंह, बृजेश कुमार, सुखबीर सिंह, संजय कुमार और राजीव आदि शामिल रहे।

### डंपर पर पेड़ गिरने से लगा जाम, परेशान रहे लोग

**मसवासी, अमृत विचार :** सोमवार की शाम स्वार–बाजपुर मार्ग स्थित नरपत नगर पेट्रोल पंप के पास बाजपुर से आ रहे डंपर पर अचानक पेड़ गिर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसके चलते दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मंगाकर पेड़ को हटाया। इसके बाद जाम खुलाने में जुट गई। इस दौरान गर्मी के चलते जाम में फंसे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। पुलिस देर शाम तक जाम खुलवाने का प्रयास कर रही थी।

# गन्ना बकाया का भुगतान नहीं करने पर चीनी मिल को नोटिस

## किसानों के 54 करोड़ रुपये दबाए बैठा हैं राणा शुगर मिल प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले की दो चीनी मिलें किसानों का 55.86 करोड़ रुपये दबाए हुए हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों को बकाया भुगतान नहीं मिल रहा है। प्रशासन ने राणा शुगर मिल को नोटिस जारी किया है। इसमें किसानों का बकाया भुगतान तत्काल करने के लिए कहा गया है। राणा शुगर मिल और रुद्र-बिलास चीनी मिल की चेन नौ मार्च को थम चुकी है। जबकि, 20 मार्च को त्रिवेणी शुगर मिल की चेन थमी है। त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा किसानों का भुगतान कर दिया गया है।

राणा शुगर मिल पर 54 करोड़ जबकि रुद्र-बिलास चीनी मिल पर 1.86 करोड़ रुपये बकाया हैं। रुद्र-बिलास चीनी मिल और राणा शुगर मिल की चेन थमे करीब दो माह का समय बीत चुका है। लेकिन मिलों ने किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान नहीं किया है है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है। किसानों को बेटियों की शादियां करनी हैं। इसके अलावा बच्चों की फीस जमा करनी है। लेकिन, किसानों के हाथ खाली हैं।


मिल के बाहर खड़ीं गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली। ● फाइल फोटो

### चीनी मिलों पर बकाया

| शुगर मिल | बकाया |
|---|---|
| राणा शुगर मिल | 54 करोड़ |
| रुद्र–बिलास चीनी मिल | 1.86 करोड़ |
| त्रिवेणी शुगर मिल | शून्य |

राणा शुगर मिल पर किसानों के गन्ने का 54 करोड़ रुपया बकाया है। मिल प्रबंधन को गन्ना बकाए का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। मिल प्रबंधन ने शीरा बेचकर गन्ने का बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया है। रुद्र–बिलास चीनी मिल पर किसानों का 1.86 करोड़ रुपये बकाया है। जबकि त्रिवेणी चीनी मिल ने किसानों के गन्ना बकाए का पूरा भुगतान कर दिया है।

**–शैलेश कुमार मौर्य**
जिला गन्ना अधिकारी

# सोना तस्करों की तलाश में गलियों में घूम रहे अधिकारी

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** खाड़ी देशों से सोने की तस्करी के मामले में अलग-अलग विभाग की टीमें आये दिन टांडा पहुंच रही हैं। दो दिन पूर्व एसओजी ने सोना तस्करों के घरों पर दबिश देकर आठ लोगों को हिरासत में लिया था। सोमवार को कस्टम विभाग के दो वाहन कस्बे में चक्कर काटते नजर आए। इसकी चर्चा पूरे दिन होती रही।

खाड़ी देशों से सोने की तस्करी का मामला लगातार चर्चा में है। टांडा के लोग आए दिन देश के अलग-अलग हवाई अड्डों पर अवैध सोने के साथ गिरफ्तार किये जाते हैं। कस्टम विभाग एवं पुलिस की सख्ती के बावजूद सोना तस्करों के हौसले पर कोई फर्क नहीं पड़ता। यह बेखौफ होकर इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहे हैं। सोना तस्कर जरूरत के हिसाब तस्करी के तरीके बदलते रहते हैं। हद तो यह है कि अब यह लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए सोने को पेट में छिपाकर टांडा तक ला रहे हैं। बताते हैं कि यह लोग सोने की छोटी-छोटी गोलियां बनवा लेते हैं और फिर उसे पानी के सहारे गटक लेते हैं। जानकारों का कहना है कि सोने की तस्करी पर इसलिए भी अंकुश नहीं लग पा रहा, क्योंकि जो लोग पकड़े जाते हैं वह तो मात्र मजदूर होते हैं। असल सरगना तो इस खेल को बड़े सलीके से अंजाम दे रहे हैं। मामले का सही तौर पर खुलासा होने पर अवैध सोने की चमक कई सफेदपोशों के चेहरों पर भी प्रकाश डालेगी। एक सप्ताह पूर्व नगर के सोना तस्करों के साथ लूट की वारदात भी हो चुकी है।

### करीब एक माह से चर्चा में है टांडा

सोने की तस्करी को लेकर टांडा पहले से ही दूर तक बदनाम था लेकिन तब और भी चर्चाओं में आ गया जब पिछले दिनों लखनऊ एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए गए 29 तस्कर कस्टम के अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद सोना तस्करों के घरों पर कस्टम विभाग के अधिकारियों और अन्य टीमों का आना आम बात हो गई है। चावल की नगरी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाला टांडा कस्बा आज चंद लोगों की वजह से दूर–दूर तक सोने की तस्करी को लेकर बदनाम है।


शिक्षकों से जानकारी लेते बीडीओ ऋषि पाल। ● अमृत विचार

# बच्चों की संख्या कम मिलने पर बीडीओ ने जताई नाराजगी

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी ने सोमवार को प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की संख्या कम मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

सोमवार को खंड विकास अधिकारी ऋषिपाल ने क्षेत्र के गांव मिलक काजी, छपर्रा, रुस्तमनगर व समोदिया के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी लेते हुए सवाल-जवाब किए। विद्यालय में बच्चों की कम उपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई। शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने और विद्यालय में साफ-सफाई रखने के निर्देश भी दिए। अभिलेख देखे और मिड डे मील की गुणवत्ता को परखा। कहा कि बच्चों को ठीक तरह से शिक्षा दें।

# छात्राओं को बताए जल संरक्षण के उपाय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने जल तथा पर्यावरण संरक्षण के बारे में छात्राओं को जानकारी दी और पानी बचाने की शपथ भी दिलाई। नमामि गंगे के तहत गंगा, डालफिन, नील हरित, शैवाल के बारे में जागरूक किया।

खारी कुआं स्थित कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। वर्क संस्था की वूमन विंग ने छात्राओं को बताया कि भविष्य में पृथ्वी को बचाना है तो जल और पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने की शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। इसके लिए शपथ भी दिलाई गई।

वन विभाग के राकेश कुमार ने छात्राओं को पेड़-पौधों से प्रकृति को संरक्षित करने की जानकारी दी। वन कटाव को रोकने के लिए जागरूक किया। छात्राओं को बताया कि पर्यारण को किस प्रकार स्वच्छ रख सकते हैं। इसके लिए छात्राओं ने बेकार प्लास्टिक से मनमोहक, आकर्षक तथा उपयोगी वस्तुओं का सामान बनाया गया। पोस्टर माडल द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर छात्राओं ने भावनाएं व्यक्त की। पोस्टर माडल तथा प्लास्टिक की वस्तुओं को बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कार दिए गए।


छात्राओं को जागरूक करते जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार। ● अमृत विचार

प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने आभार व्यक्त किया। छात्राओं से अपील की कि इन सभी बातों पर अमल करते हुए इसे जीवन में अवश्य उतारें। इसकी शुरूआत अपने घर-परिवार और विद्यालय से करें। कार्यक्रम का संचालन अंजली मेहरोत्रा ने किया। इस दौरान सुषमा रानी, वेद कुमारी सोन, सुनीता देवी, रेखा गुप्ता, शेष कुमारी वर्मा, जेबा खान, सुमेधा, रिया शर्मा, रूपम कुमारी आदि मौजूद रहे।

# लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा, रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** जमीन की रजिस्ट्री से पूर्व ही पूरी रकम न देने पर जमीन को बेच रहे दो व्यक्तियों ने युवक को घर में घुसकर पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिलक बिचौला गांव निवासी इरशाद ने बताया कि उसने थाना सिविल लाइंन क्षेत्र की आवास विकास कालोनी निवासी बिट्टू उर्फ शमशेर सिंह व बांस नगली गांव निवासी शकील से जमीन का सौदा किया था। आरोप है कि तीन मई की शाम करीब सात बजे दोनों आरोपी उसके घर में घुस गए और जमीन की रजिस्ट्री से पहले ही रकम की मांग करने लगे। उसने सारी रकम का भुगतान रजिस्ट्री के समय करने को कहा। इस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

# दूसरों को जीने की कला सिखाता है स्काउट

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट-गाइड को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष निशा खटाना ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाते हुए सुयोग्य नागरिक बनाता है।

सोमवार को पीपलगांव स्थित आदर्श पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षिण शिविर के समापन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। अंतिम दिन अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान मिले प्रशिक्षण की जानकारी ली। समापन पर मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शिविर में गाइड का प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह की देखरेख में हुआ। प्रशिक्षकों ने झंडा बांधना, ताली बजाना, गांठ बांधना सिखाया। स्काउट-गाइड के प्रतिभागी बच्चों ने टेंट बनाना, घायलों को बिना स्टेचर के उपचार के लिए ले जाना, ध्वज शिष्टाचार व मार्च पास्ट आदि गतिविधियों को अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया।


प्रशिक्षण समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि निशा खटाना एवं अन्य। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट हमें देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। हम आपातकाल में कैसे रहें, सीमित संसाधनों में कैसे अपने लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करें आदि की सीख मिलती है। ऐसे शिविर से छात्र-छात्राएं अनुशासन का पाठ सीखते हैं, वहीं उनमें समाज सेवा का जज्बा भी पैदा होता है। प्रधानाचार्य ओमवीर सिंह सैनी ने प्रशिक्षण के सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम में किसान सेवा सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन राज किशोर सैनी, कुलदीप कुमार गौतम, सुनीता, नेहा, शीतल, रवीना, मीना आदि मौजूद रहे।

# जिला समन्वयकों ने किया स्कूलों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को बीईओ और जिला समन्वयकों ने स्कूलों में छापेमारी की। इस दौरान आठ शिक्षक, 11 शिक्षामित्र और अनुदशेक गायब मिले। तीन दिन के अंदर सभी को स्पष्टीकरण कार्यालय को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं।

सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के कई विद्यालयों का खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों एवं जनपद तथा ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण। इस दौरान आठ शिक्षक, 11 शिक्षामित्र और अनुदशेक अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदशेकों को तीन दिन में अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बिलासपुर के खंड शिक्षाधिकारी मजहरुल इस्लाम ने संविलियन स्कूल करसौला का निरीक्षण किया। इसमें शिक्षक राहुल कुमार, विपिन कुमार नहीं मिले। अनुदेशक सत्यवीर अनुपस्थित मिले। इसके अलावा संविलियन विद्यालय ऊधमपुर में अनुदेशक ब्रहमपुर स्वरूप गैर हाजिर मिला। संविलियन विद्यालय खजुरिया खुर्द स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षक सौरभ जैन और अनुदेशक कमलेश भी नहीं मिले।

### निरीक्षण के दौरान बंद मिले दो स्कूल

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन को बिलासपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय चोकौनी के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक दर्पण गौतम और सुभाष गैर हाजिर मिले। स्कूल भी बंद था। नगर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय डुडई की इंचार्ज अध्यापक बबीता जोशी भी नहीं मिली। यह स्कूल भी बंद मिला। खंड शिक्षाधिकारी चमरौआ राजेंद्र सिंह बोरा ने स्वार के कंपोजिट विद्यालय मोहनपुरा और प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद का निरीक्षण किया। अनुदशेक अंजलि राणा और तालिब हुसैन अनुपस्थित मिले। इसके अलावा बीईओ मिलक अशोक कुमार ने शाहबाद के प्राथमिक विद्यालय खेड़ा टांडा और सिविलियन स्कूल कूप, उच्च प्राथमिक विद्यालय रेबड़ी कलां, प्राथमिक विद्यालय पलपुरा का निरीक्षण किया। इसमें अनुदेशक विनोद कुमार, निसार अहमद, मोईन अख्तर, शिवाली, मनोज, उषा रानी अनुपस्थित मिले।

### 35 शिक्षक और अनुदशेकों का वेतन काटा

27 अप्रैल को मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल के निर्देश पर टीमों ने स्कूलों में छापेमारी कर दी थी। इसमें कई शिक्षक गैर हाजिर मिले थे। इन्हें तीन दिन के अंदर जवाब देने को कहा था। इसके बाद भी 35 शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन निर्धारित समय में साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया। इस पर सभी का वेतन काटते हुए प्रेरणा पोर्टल पर सेवा पंजिका इतिहास में दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित खंड शिक्षाधिकारियों को दिए गए हैं।


चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते रालोद के पदाधिकारी।

# रालोद ने चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि मनाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की तीसरी पुण्यतिथि रालोद के पदाधिकारियों ने आंबेडकर पार्क में मनाई। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने पूरा जीवन गरीबों, किसानों के लिए जीया। उन्होंने भेदभाव की राजनीति नहीं की।

सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी आंबेडकर पार्क पहुंचे। इसके बाद पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश महासचिव ने उनके सिद्धांतों पर चलते हुए रालोद को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष तराना बेगम, सुहाना बेगम, फिरोज आलम, शाहवेज खां, सगीर अहमद, जमील खां, मुनाजिर हुसैन, मजहर अली, इरफान खां, शबाब खां आदि शामिल रहे।

**मौसम** पारे के साथ बढ़ रही जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या

# मौसम के तेवर तल्ख, दोपहर में सड़कें सुनसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सूरज की तपिश झुलसाने लगी है। तीखी धूप में लोग छांव की तलाश करते रहे। सोमवार को अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवा के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। सोमवार को जिला अस्पताल में 1326 की ओपीडी में बुखार और डायरिया के 30 मरीज भर्ती किए गए।

मौसम के तेवर बदल गए हैं। दोपहर में सड़कों पर वीरानी छाई रही। जरुरी काम से जाने वाले लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शाम को लोग बाजार में दिखाई दिए। ग्रामीण क्षेत्र के लोग गर्मी से बेहाल हैं। खेती का काम भी लोग सुबह-शाम कर रहे हैं। सूरज की तपिश से घरों की दीवारें और छतें गरम हो रही हैं।


ज्वालानगर में तेज धूप व हवा से बच्चे को बचाकर ले जाती महिला। ● अमृत विचार

गर्मी में मवेशी पालकों की परेशानी और बढ़ गई है। मवेशियों के लिए समय से चारा पानी नहीं हो पा रहा है। लू को देखते स्वास्थ्य विभाग की ओर एडवाजरी जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि अधिक से अधिक पानी पिएं। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. शशांक झा ने बताया कि हल्के रंग के कपड़े पहने। घर से बाहर निकलते समय चश्मा व छाता लेकर चलें। सिर और चेहरे को गीले कपड़े से ढंके रहें। दोपहर 12 से तीन बजे के बीच सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। गहरे रंग के भारी व तंग कपड़े न पहने। जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. संजय अग्रवाल ने बताया लू से बचने के लिए एहतियात बरतें। जितना हो सके घर से बाहर कम ही निकलें।

### 12 घंटे में 30 मरीज हुए भर्ती, 10 की हुई छुट्टी

रविवार की रात 12 से सोमवार दोपहर 12 बजे तक बुखार व डायरिया के 30 नए रोगी जिला अस्पताल में भर्ती हुए। इसमें नाजमा, मुन्ने, रूमा, आसमा, गुड्डू को उल्टी व बुखार की शिकायत मिलने पर डायरिया वार्ड में भर्ती कराया गया। 10 रोगियों की हालत में सुधार होने पर डिस्चार्ज किया गया।



## एक नजर



अस्पताल पर कब्जे के दौरान मौजूद टीम।

### लोन जमा नहीं करने पर अस्पताल में लगाया ताला

**रामपुर, अमृत विचार** : गंज क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट को बैंक का लोन जमा नहीं करने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने कब्जे में ले लिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की वीपी कालोनी निवासी विनोद कुमार यादव ने काफी समय पहले गंज थाना क्षेत्र में स्थित काशीपुर गांव में विवेकानंद सेवा ट्रस्ट के नाम से अस्पताल खोला था। उन्होंने इसके लिए राधा रोड स्थित पंजाब एंड सिन्ध बैंक से लोन लिया था। लेकिन वह लोन जमा नहीं कर सके। सोमवार को नायब तहसीलदार गौरव विश्नोई और बैंक के अधिकारियों ने अस्पताल पर कब्जा करते हुए ताला लगा दिया।

# विद्यार्थी कभी नहीं उतार सकते शिक्षक का ऋण : दीक्षित

- कथा वाचक ने छात्र-छात्राओं को दिया संदेश

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार** : कथा वाचक अशोक दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि विश्वामित्र के आश्रम में केवल दो छात्र श्री राम व लक्ष्मण ही ऐसे थे जिन्होंने मानव धर्म का विकास किया। जिस शिक्षक ने आपको ज्ञान दिया उनका ऋण कभी नहीं उतार सकते।

सोमवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में कथा वाचक अशोक दीक्षित के साथ विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, प्रबंधक सुरेशचंद्र गंगवार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। कथा वाचक ने कहा कि आपको जिस शिक्षक ने पढ़ाया है, उनके प्रति श्रद्धा का भाव रखना चाहिए। जिस छात्र ने पढ़ाई के समय का महत्व समझ लिया, वह जो चाहे प्राप्त कर सकता है।

कथावाचक ने चरित्र का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक भैया बहन को अपने चरित्र का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सभी भैया-बहन अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय, गुरु व माता-पिता का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारियों ने कथावाचक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य व प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि छात्र-छात्राएं अपने जीवन का मूल्य समझ कर आगे बढ़े। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के अलावा उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, बाबूराम गंगवार, योगेश कुमार बंसल, नंद पाल सिंह मौजूद रहे।

## स्वार और मिलक तहसील में 3500 हेक्टेयर में है मिर्च की खेती, अपने तीखेपन के लिए प्रसिद्ध है स्वार के गांव धनौरी की मिर्च

# खाड़ी देशों में लगेगा रामपुर की हरी मिर्च का तड़का

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : रामपुर चावल, चाकू और रजा लाइब्रेरी के बाद अब मिर्च के तीखेपन में भी अपनी पहचान बना रहा है। यहां की हरी और पीली मिर्च से खाड़ी देशों में व्यंजनों का जायका बढ़ाने के लिए तड़का लगेगा। तहसील मिलक और स्वार क्षेत्र में किसानों ने 3500 हेक्टेयर रकबे में हरी मिर्च की खेती की है। स्वार के गांव धनौरी की मिर्च अपने तीखेपन के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। रामपुरी मिर्च का निर्यात होने से किसानों खुश हैं। उन्हें मिर्च से काफी आमदनी हो रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष रामपुर की मिर्च का खाड़ी देशों के लिए निर्यात किया जा रहा है।

तहसील स्वार में हरी मिर्च की खेती लंबे समय से हो रही है। लेकिन, इस वर्ष हरी मिर्च की मांग खाड़ी देशों से आ गई है। जिला कृषि अधिकारी बताते हैं कि स्वार क्षेत्र में लगभग 2300 हेक्टेयर रकबे में हरी मिर्च की बुआई की गई थी। बताते हैं कि भारत में ही किसानों को मिर्च का भाव 400 से 600 रुपये प्रति क्विंटल का मिल रहा है। स्वार और मिलक तहसील से मिर्च आजादपुर मंडी जाती है। वहां से खाड़ी देशों के लिए निर्यात की जाती है।



खेत में लहलहाती मिर्च की फसल।

> जनपद से मिर्च का निर्यात खाड़ी देशों के लिए हो रहा है। इसके अलावा आजादपुर मंडी के लिए भी प्रतिदिन हरी मिर्च जाती है। जनपद में हरी मिर्च का रकबा 3500 हेक्टेयर है। इस वर्ष हरी मिर्च की फसल बहुत अच्छी हुई है। मिर्च की फसल को कोई रोग भी नहीं लगा है। –**नरेंद्र पाल**, जिला कृषि अधिकारी

बताते हैं कि इस क्षेत्र में पूसा सदाबहार किस्म की हरी मिर्च के अलावा अर्का मेघना, अर्का श्वेता के अलावा काशी अर्ली और काशी सुर्ख की खेती होती है। पूसा हरी मिर्च का उत्पादन आठ से 10 टन प्रति हेक्टेयर मिल जाता है। जबकि, अर्का मेघना 30-35 टन हरी मिर्च व 5-6 टन सूखी लाल मिर्च प्रति हेक्टेयर का उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। काशी अर्ली और सुर्ख मिर्च का उत्पादन 300 से 350 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक हो जाता है। बताते हैं कि इस वर्ष में मिर्च में कोई रोग नहीं लगा है। इसलिए किसानों को अच्छी आमदनी हुई है।



> स्वार क्षेत्र में मिर्च की खेती आजादी के बाद से की जा रही है। इस वर्ष हरी मिर्च खाड़ी देशों के अलावा अमेरिका तक निर्यात हो रही है। इससे किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। **-रिंकू**



> मिर्च की फसल इस बार अच्छी हुई है। इसका खाड़ी देशों में निर्यात किया जा रहा है। रामपुर की मिर्च शारजाह, दुबई, कुवैत समेत मक्का और मदीना के लिए भी निर्यात की जा रही है। यह जिले के लिए अच्छी बात है। **- अर्जुन**



> मिर्च की कई किस्में आने से किसानों को सुविधा हो गई है। अधिकतर किसान पूसा की खेती करते हैं। स्वार और मिलक क्षेत्र में मिर्च का रकबा बढ़ता जा रहा है। **- मोहम्मद आलम**



> हरी मिर्च के अलावा स्वार की पीली मिर्च भी अपने तीखेपन के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। मिर्च का निर्यात होने से किसानों में हिम्मत बढ़ी है। **- रूप किशोर**

# स्मार्ट इंडियन ने व्हाइट हाल को 3-0 से दी शिकस्त

## स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में हुए सुब्रतो फुटबाल कप के मैच में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : जनपदीय सुब्रतों फुटबाल कप का आयोजन सोमवार को स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में हुआ। इसमें कई स्कूलों के अंडर-15 अंडर-17 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पहले मैच में स्मार्ट इंडियन स्कूल ने व्हाइट हाल स्कूल की टीम को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से शिकस्त दी।

फिजिकल कालेज के महात्मा गांधी स्टेडियम पर सोमवार को नानकार स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविन्द भास्कर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बालिका वर्ग अंडर-17 में स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल ने राजकीय बालिका खुर्शीद इंटर कॉलेज को 2-0 से हराया। फाइनल मैच स्मॉर्ट इंडियन मॉडल स्कूल और व्हाइट हॉल के बीच खेला गया। इसमें स्मॉर्ट इंडियन मॉडल स्कूल ने व्हाइट हॉल को 3-0 से हराकर विजय हासिल की। इसके बाद बालक वर्ग अंडर-15 का फाइनल मुकाबला सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और जैन इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। इस मैच में जैन इंटर कॉलेज विजयी रहा।

बालक वर्ग अंडर-17 का फाइनल मुकाबला स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल और राजकीय रजा इंटर कॉलेज के बीच हुआ। इसमें स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल विजेता रहा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. अनूप कुमार, हरपाल सिंह, प्रातेश श्रीवास्तव, प्रकाश किस्टवाल, तुषार शर्मा, मोहम्मद सलीम, यूसुफ जैदी तथा प्रभुदयाल का योगदान रहा। निर्णायक की भूमिका में मनोज कुमार, सचिन, अजीत कुमार, संतोष कुमार आदि रहे।



स्टेडियम में भिड़ती फुटबाल की टीमें। ● अमृत विचार



मैच शुरू होने पहले खड़ी टीमें। ● अमृत विचार

### खेल के नाम पर खानापूर्ति कर रहा माध्यमिक शिक्षा विभाग

महात्मा गांधी स्टेडियम में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक सक्रिय नहीं है। खेल के मैदान में काफी गड्ढे हैं। सोमवार को भी बालिका वर्ग में एक और बालक वर्ग में तीन ही विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जबकि इंग्लिश मीडियम में कई स्कूलों ने प्रतिभाग किया। फिजिकल कालेज स्टेडियम पर व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। बच्चों के लिए पीने का पानी नहीं था। किसी भी अध्यापक के लिए कुर्सी नहीं रखी गई थी। ग्राउंड में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इसके बीच बच्चों ने जैसे-तैसे प्रतियोगिता में प्रतिभा किया। खेल के दौरान कई खिलाड़ियों का पैर मुड़ गया। बच्चे पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। फुटबॉल में मुख्य रूप से चूने की लाइन बनाई जाती है, लेकिन यहां कहीं भी चूना नहीं डलवाया गया। खानापूर्ति करते हुए प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के पीटीआई ने बताया की जनपद में ऐसे ही होता है। हर साल बच्चों से खेल की फीस ली जाती है। इसमें से तीन महीने का चार्ज जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा होता है।

> प्रतियोगिता के दौरान यदि खेल के मैदान में गड्ढे नहीं भरवाए गए और बच्चों के लिए भीषण गर्मी में पानी का इंतजाम नहीं हुआ तो यह गंभीर मामला है। इसमें निश्चित रूप से संयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। –**मुन्ने अली**, जिला विद्यालय निरीक्षक



स्टेडियम में हो रखे गड्ढे। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# युवाओं को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए किया प्रेरित

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर नलिन सिंह ने कहा कि युवा धरातल पर विभिन्न रचनात्मक एवं समाज सेवा से जुड़ें। देश की युवा शक्ति को एकता के सूत्र में बांधने का अभियान चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा का 19वां स्थापना दिवस नवादिया स्थित राष्ट्रीय कार्यालय परिसर में मनाया गया। अध्यक्षता मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नलिन सिंह ने की। मुख्य अतिथि जोधपुर राजस्थान से आए आचार्य रामनिवास महाराज ने कहा कि युवा संगठन सत्य निष्ठा और गुणवत्ता के साथ देश में अपनी रचनात्मक गतिविधियों को विस्तारित कर रहा है। यह युवाओं के लिए सकारात्मक संदेश है।

विशिष्ट अतिथि बरखेड़ा पीलीभीत स्थित राम धाम के महंत केशव नारायण ने युवाओं को सदैव अपने कर्तव्य पथ पर गतिमान रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मातृशक्ति, बुजुर्ग एवं बच्चों ने भी सहभागिता दी। इस इस अवसर पर संगठन की ओर से युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नीलेश रस्तोगी एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, सुनील यादव, संजीव यादव, दिनेश दिवाकर, संतोष पटेल, जगदीश, सुरेंद्र यशपाल, प्रशांत, अनिकेत, अमन गुप्ता, तोताराम, राहुल, प्रमोद, देवेंद्र, आरती, मनोज आदि उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में टीबी की दवाई का टोटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल में टीबी की दवाई का टोटा है। ऐसे में जिन रोगियों का कोर्स चल रहा है, उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी जल्द ही दवाई आने का दावा कर रहे हैं।

जिला अस्पताल परिसर में ही क्षय रोग अस्पताल की इमारत है। यहां टीबी रोगियों को मुफ्त में दवा दी जाती है। इसमें किसी रोगी को छह माह तो किसी को नौ माह तक के कोर्स के लिए दवा दी जाती है। लेकिन विभाग में दवा का टोटा हो गया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में टीबी की दवा की सप्लाई में किन्ही कारणों के चलते दिक्कत आई थी। ऐसे में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को अपने स्तर से दवा की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए थे। सीएमओ कार्यालय, पुरुष चिकित्सालय और महिला चिकित्सालय के दो-दो लाख रुपये के फंड से दवा मंगवाई गई। टीबी रोगियों को दो प्रकार की दवा दी जाती है। इसमें फॉर एफ एसडी और थ्री एफएसडी शामिल हैं। फॉर एफ एसडी दवा राज्य सरकार को मुहैया हो गई है। उम्मीद है यह दवा जल्द ही जनपद को मिल जाएगी।

उन्होंने बताया कि थ्री एफ एसडी दवा शासन से मिल रही है। इसे बनाने के लिए ईथाम्बोटोल दवा शासन से नहीं मिली है। इसे खरीदने के लिए यूपीएमसीएल को आर्डर दिया गया है। इसके मिलने पर चार माह का स्टॉक हो जाएगा। अभी रोगियों को तीन-चार दिन की दवा दी जा रही है। जनपद में सक्रिय मरीजों की संख्या 5800 है। इन्हें निरंतर दवा दी जा रही है। अभी विभाग के पास सप्ताह भर तक की दवा है।



क्षय रोग अस्पताल में बलगम की जांच कराने को खड़े रोगी। ● अमृत विचार

### वर्ष 2025 तक भारत को बनाना है टीबी मुक्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है। टीबी रोगियों की खोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसमें संभावित रोगियों को चिह्नित कर जांच कराई जा रही है। जांच में टीबी की पुष्टि होने पर उनके इलाज की जिम्मेदारी भी सरकार उठा रही है। जांच से इलाज तक की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त है। जांच में पुष्टि होने के बाद रोगियों को छह से नौ माह तक मुफ्त दवा दी जाती है।

> दवा की सप्लाई की समस्या पूरे प्रदेश में है। स्थानीय स्तर से खरीद की अनुमति मिली है। हमने अपने स्तर से दो लाख रुपए दिए हैं। दो लाख रुपये जिला पुरुष चिकित्सालय और दो लाख रुपये की दवा महिला चिकित्सालय से मंगवाई है। –**डा. एसपी सिंह**, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## बरात में खाने को लेकर मारपीट, हंगामा

**सैदनगर, अमृत विचार** : मैरिज हॉल में आई बरात के दौरान खाने को लेकर लड़की एवं लड़के पक्ष में मारपीट हो गई। मामला बिगड़ता देख दूल्हा बरात लेकर खिसक गया। समझौते के बाद शाम को निकाह हुआ।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक मैरिज हॉल का है। सोमवार की शाम मैरिज हॉल में बरात आई थी। इसमें खाने को लेकर लड़की व लड़के पक्ष वालों में कहासुनी होने लगी। मामले ने तूल पकड़ा तो मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बरातियों को जमकर पीटा।

इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी मौके से खिसक गए। देर शाम को कुछ सम्मानित लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता कर दिया। इसके बाद निकाह करा दिया गया।

# जल कर वसूली के लिए माईक्रो प्लानिंग करें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने जिले में वर्तमान में सुचारु जलापूर्ति से आच्छादित 203 पेयजल परियोजनाओं पर जल-कर वसूली शुरू करने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आगामी सप्ताह में प्रत्येक संचालित योजना पर न्यूनतम 20 प्रतिशत की जल-कर वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। कहा कि सर्वप्रथम ग्राम प्रधान एवं पंचायत के सम्पन्न व्यक्तियों द्वारा जल-कर वसूल कर अन्य के लिए उदाहरण स्थापित किया जाए। वसूली के लिए फेज-वार माईक्रो प्लानिंग की जाए।

विकास भवन में सोमवार को जल जीवन मिशन के तहत बैठक हुई। इसमें सीडीओ ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले के 312659 हाउस होल्ड तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लक्ष्य को प्रत्येक दशा में दिसंबर तक पूर्ण करने के आदेश दिए। पूर्व में संचालित योजनाओं पर जल कर वसूली की बात कही। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त ग्राम विकास अधिकारियों को सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में खुली बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। समस्त खंड विकास अधिकारियों को जल कर वसूली योजनाओं के संचालन से सम्बन्धित अभिलेख जैसे लॉग बुक, बिल-बुक एवं उपभोक्ता रजिस्टर आदि ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने के लिए कहा है।



बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल।

**समस्या** भीषण गर्मी में बुखार, टाइफाइड की चपेट में आ रहे हैं लोग

# अस्पताल में ब्लड बैंक को रक्त की दरकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी में लोग बुखार व टाइफाइड की चपेट में आ रहे हैं। डेंगू पनपने की आशंका है। ऐसी स्थिति में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में निगेटिव श्रेणी का रक्त नहीं है। पॉजिटिव रक्त भी 24 यूनिट ही बचा है। इस स्थिति में मरीज और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक की क्षमता 200 यूनिट रक्त संग्रहित करने की है। लेकिन यहां औसतन 100 यूनिट रक्त ही रखा जाता है। रक्त 35 दिन से अधिक संग्रहित नहीं किया जा सकता। ब्लड बैंक कर्मी खून खराब न हो और जरूरत के हिसाब से सभी ग्रुप लोगों को मिल सके इसकी मुकम्मल व्यवस्था रखते हैं। रक्तदान करने वाले लोग भी नहीं पहुंच रहे हैं। इसके कारण ब्लड में यूनिट कम हो गई है।

पैथोलॉजिस्ट डा. प्रद्ययुत सिंह ने बताया कि ब्लड बैंक में केवल 24 यूनिट खून मौजूद है। इसमें निगेटिव ग्रुप नहीं हैं। अगर इमरजेंसी में ब्लड की जरुरत पड़ती है तो पहली प्राथमिकता मरीज के परिजनों को दी जाती है। ताकि उनके मरीज को खून दिया जा सके। कुछ स्वैच्छिक डोनर लगातार संपर्क में रहते है। उन्हें बुलाकर आपात स्थिति में खून की पूर्ति की जाती है।




जिला अस्पताल में बना ब्लड बैंक।

> ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो शिविर लगवाकर रक्तदान कराया जाएगा। खून की कमी से किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। –**डा. एचके मित्रा**, मुख्य चिकित्साधीक्षक




ब्लड बैंक में रक्त यूनिट की चस्पा सूची।

### इन बीमारियों में पड़ती है रक्त जरुरत

एनीमिया, प्रसव के पूर्व, प्रसव के उपरांत, सड़क दुर्घटना में रक्त रिसाव होने पर, ऑपरेशन, कैंसर व किडनी के मरीजों को अक्सर खून की जरुरत होती है।

## पीसीयू जिला प्रबंधक को जारी किया नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार** : गेहूं खरीद में पहले अव्वल रही क्रय एजेंसी पीसीयू अब खरीद में लड़खड़ा रही है। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी खरीद में तेजी नहीं आ रही है। विभाग की ओर से जिला प्रबंधक को फिर से नोटिस जारी किया है।

जनपद में इस बार 1.57 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 24,967 मीट्रिक टन खरीद हो पाई है। प्रशासन अवैध कारोबारियों और अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए छापेमार कार्रवाई कर रहा है। किसान का गेहूं केंद्रों पर तुलवाया जा रहा है। खरीद में सबसे बुरी हालत पीसीयू एजेंसी की है। कम खरीद पर जिला प्रबंधक को फिर नोटिस जारी किया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी कौशल देव ने बताया कि गेहूं की कम खरीद मिलने पर पीसीयू के जिला प्रबंधक को नोटिस जारी किया गया है।

# कोसी पुल पर चार पहिया वाहनों का संचालन शुरू

- दिल्ली से नैनीताल जाने वाले पर्यटकों का सफर हो गया आसान

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार** : मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे पर कोसी नदी पर बने 44 साल पुराने पुल पर मरम्मत के बाद चारपहिया वाहनों का संचालन भी सोमवार को शुरू हो गया। इससे दिल्ली से नैनीताल जाने वाले पर्यटकों का सफर आसान हो गया है।

मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे स्थित कोसी नदी पर बना पुल 25 अप्रैल की सुबह क्षतिग्रस्त हो गया था। सूचना पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम के अधिकारियों ने बालू के कट्टे लगाकर पुल को बंद कर दिया था। इसके बाद दिल्ली से सिरसवां दोराहे वाया टांडा-दढ़ियाल होकर नैनीताल जाने वाले पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्हें दढ़ियाल से वाया लोहिया पुल सुल्तानपुर पट्टी होते हुए नैनीताल के लिए जाना पड़ रहा था। दिल्ली जाने वालों के लिए मुंशीगंज से वाया स्वार रामपुर होकर रूट डायवर्ट किया गया था। सोमवार को दोपहर बाद कोसी पुल पर टेस्टिंग के बाद चार पहिया वाहनों के लिए पुल को वन वे कर दिया गया। इसके बाद उत्तराखंड के हल्द्वानी, नैनीताल, बागेश्वर, भीमताल, रानीखेत, अल्मोड़ा आदि पर्यटक स्थलों पर जाने वाले पर्यटकों को काफी राहत मिलेगी। पुल पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



दढ़ियाल में कोसी पुल पर लगा जाम। ● अमृत विचार

> टेस्टिंग के बाद कार और थ्री व्हीलर के लिए पुल को चालू कर दिया गया है। जल्द ही भारी वाहनों के लिए भी पुल को चालू कर दिया जाएगा। –**मोहम्मद आजम**, जेई, लोनिवि

### कम दूरी के चक्कर में जान को जोखिम में डाल रहे वाहन चालक

क्षतिग्रस्त होने के बाद पुल को केवल दो पहिया वाहनों को आने-जाने की अनुमति थी। इस बीच कुछ वाहन चालक दढ़ियाल से कोसी नदी पार कर खादर के रास्ते साहिब पेट्रोल पंप बाजपुर मार्ग पर पहुंच रहे थे। वाहन चालकों को अपनी जान की परवाह भी नहीं थी। रविवार की रात दो किसान कोसी नदी से लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों को पार कर रहे थे। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली कोसी में ही फंस गई। बाद में जेसीबी मंगवाकर ट्रैक्टर-ट्राली को बाहर निकाला गया।

## एक नजर

### बाइक गिरने से युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव मधुपुरी निवासी अमन कुमार किसी कार्य से ठाकुरद्वारा आया था। काम निपटाने के बाद वह बाइक से अपने घर वापस जा रहा था। जब वह शरीफ नगर मार्ग स्थित रामनगर खागुवाला गांव के निकट पहुंचा तो उसकी बाइक फिसल कर सड़क पर गिर गई। इसमें अमन कुमार घायल हो गया। घायल को सड़क पर पड़ा देखा राहगीरों ने नगर के सरकारी अस्पताल में उसे भर्ती कराया। सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल का उपचार किया। चिकित्सकों ने बताया कि गंभीर चोट नहीं है। दो-तीन दिन में उपचार के बाद ठीक हो जाएगा।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** गांव मुख्तयारपुर नवादा के पास पुलिस ने दो युवकों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अनुज गुर्जर निवासी ग्राम बेगमपुर व अनुज सिंह पाल गांव हिरनपुरा का रहने वाला है। पुलिस ने बाइक थाने में खड़ी कर दी है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### टीम ने मृत हिरण को जमीन में दबाया

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि व वन विभाग की टीम ने कुत्तों के हमले में मारे गए हिरण को जमीन में दबा दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोसेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा को गांव मुखियारपुर नवादा के जीव-जंतु प्रेमी धर्मपाल सिंह ने सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि गांव के पूर्व प्रधान राजीव कुमार के घर के पास हिरण को कुत्तों ने घायल कर दिया था। बाद में हिरण की मौत हो गई थी।

### शटर काट दुकान से चार लाख के मोबाइल चोरी

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक मोबाइल की दुकान का शटर काट कर कई मोबाइल फोन चोरी कर आरोपी फरार हो गए। दुकान से चार लाख के मोबाइल सहित नकदी आरोपी ले गए हैं। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को गुरुनानक कॉलोनी निवासी मनीष सिंघवानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पंत पार्क के पास उसकी मोबाइल की दुकान है। रविवार रात आरोपियों ने उसकी दुकान का शटर काटकर दुकान में रखे नए व पुराने मोबाइल चोर लिए गए।



जूनियर हाईस्कूल पर मौजूद पोलिंग पार्टी। ● अमृत विचार

# संभल लोस सीट के लिए कुंदरकी बिलारी में आज डाले जाएंगे वोट

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में भी मंगलवार को मतदान होगा। इसके लिए सोमवार को मंडी समिति से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। मंडी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर वाहनों की व्यवस्था की तैयारी में प्रशासन रविवार को पूरे दिन जुटा रहा था। डीएम-एसएसपी समेत कई अधिकारियों ने मंडी समिति पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सोमवार को कुंदरकी क्षेत्र के सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों और फोर्स समय से पहुंच गया था।

संभल लोकसभा क्षेत्र में जिले की बिलारी और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र आते हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 783 बूथों पर मतदान होगा। इसमें कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के 436 तथा बिलारी के 347 बूथों पर मतदान होगा। इन सभी बूथों पर मतदान संपन्न कराने के लिए 783 पोलिंग पार्टियां सोमवार सुबह मंडी समिति से बूथों के लिए रवाना की गई थी।

## क्षेत्र में आग से मर रहे हैं जीव-जन्तु, वन संपदा को बड़ा नुकसान, वन विभाग और अग्निशमन दल बेखबर

# मार्गों के किनारे पेड़-पौधों में चार दिन से धधक रही आग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के जंगलों की तरह क्षेत्र में मुख्य मार्गों के किनारे चार दिन से पेड़-पौधों में आग धधक रही है। इससे जीवों का जीवन नष्ट हो रहा है। साथ ही इन मार्गों पर गुजने वाले वाहन चलाकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन घटना को लेकर वन विभाग अनजान है।

ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाइवे, शरीफनगर-स्योहारा मार्ग, ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग, ठाकुरद्वारा-रतुपुरा-करनपुर मार्ग, जसपुर रोड पर फैजुल्लागंज स्थित शिव मंदिर से लेकर सन्यासी वाला लिंक मार्ग के किनारों पर खड़े पेड़-पौधों में चार दिन आग जल रही है। इससे बड़े वृक्षों की प्रगति पर असर पड़ रहा है। पौधे, हरियाली घास जलकर



ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर पेड़ों में लगी आग। ● अमृत विचार

नष्ट हो रही है। पेड़-पौधों पर रहने वाले पक्षियों का जीवन मुश्किल हो रहा है। वृक्षों की जड़ों में छिपे जीव जलकर मर रहे हैं। इसके बाद भी वन विभाग अंजान है। वन संपदा को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जबकि वन विभाग की टीम ठाकुरद्वारा में तैनात है। लेकिन वन विभाग की टीम मार्गों का निरीक्षण नहीं करती। अगर मार्ग का निरीक्षण करती तो चार दिन से धधक रही आग पर वन विभाग व अग्निशमन दल की टीम आग पर काबू पा सकती थी।

सोमवार सुबह नौ बजे से लेकर ठाकुरद्वारा से जसपुर जाने वाले मार्ग फैजुल्लागंज के बीच पेड़ों में देर शाम तक आग धड़कती रही। मालपुरा सन्यासी वाला लिंक मार्ग पर भी देर

**आग का कहर**

- मुरादाबाद हाइवे, शरीफनगर-स्योहारा मार्ग, जसपुर, रतुपुरा-करनपुर मार्ग किनारे की घटना

शाम तक आग जलती रही। लेकिन किसी ने वन विभाग व अग्निशमन दल को सूचना नहीं दी।

वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र में मुख्य व लिंक मार्गों पर लोग जलती बीड़ी व सीगरेट फेंक देते हैं। गर्मी में पेड़-पौधों के पत्ते सूख जाते हैं। बीड़ी व सिगरेट से पत्ते जलने लगते हैं। आग से सड़कों के किनारे पेड़ पौधों को नुकसान होता है। हालांकि आग की घटनाओं को रोकने के लिए समय-समय पर गोष्ठी कर प्रचार अभियान चलाया जाता है। इसके बावजूद भी लोग जागरूक नहीं है। अगर वन विभाग को समय पर सूचना मिल जाती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझा देती। मामला जानकारी में आने पर उन्होंने वन विभाग कर्मचारी को निगरानी रखने की निर्देश दिए हैं।

ठाकुरद्वारा अग्निशमन विभाग के सब इंस्पेक्टर नासिर खां ने बताया कि गर्मी में आग लगने की घटनाएं होती हैं। अग्निशमन दल को सूचना मिलती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास करती है। सड़कों के किनारे वन संपदा में आग लगने की उन्हें सूचना मिलती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझा देती है। एक दिन पहले सूचना मिलने पर रात्रि में अग्निशमन दल की टीम ने मार्गों पर आग को बुझाने का काम किया। उन्होंने जनता से अपील की है कि कहीं भी सड़क किनारे आग लग रही हो तो वह इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दें।

# हुसैनी दवाखाना सील, 10 लाख की दवाएं जब्त

## एसडीएम सदर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा, नमूने जांच को भेजे

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** गांव जलालपुर खास स्थित डॉ. फहीम के हुसैनी दवाखाना पर एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। यहां टीम ने अभिलेखों की जांच के बाद दवाखाना को सील कर दिया और करीब 10 लाख रुपये की दवाइयां जब्त कर लीं।

एसडीएम सदर ने बताया कि दवाखाना चलाने वाले व्यक्ति के पास कोई डिग्री और दवा खाने का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। जहां अवैध रूप से बड़े पैमाने पर दवा बनाई जा रही थी। दवाखाने में आयुर्वेदिक विभाग और ड्रग विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में छापेमारी की। आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवा मिली। दवाओं को कई गाड़ियों में भरवा कर दवा खाने से लाया गया और दवा खाने को सील किया गया। इस दौरान डॉ. फहीम वहां पर नहीं मिले। अन्य एक व्यक्ति की देखरेख में दवा थी। औषधि निरीक्षक ने दवा को फार्म 16 पर जब्त किया। एलोपैथिक और आयुर्वेदिक दवाओं के नमूने लिए गए। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा जा रहा है। हालांकि जब डॉ. फहीम से बात करने की कोशिश की गई तो उनसे कोई भी संपर्क नहीं हो सका। उनका फोन बंद था। एसडीएम सदन ने बताया कि इस मामले में थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है। इस दौरान डीओ राजेश शर्मा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अतुल और सत्यवीर सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर मुकेश चंद्र जैन, ड्रग इंस्पेक्टर रामपुर मुकेश कुमार, डिप्टी सीएम नरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



दवाखाने पर सील लगाती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार



दवाखाने में जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्रवाई**

- आयुर्वेदिक और एलोपैथिक दवाएं गाड़ियों में भर कर ले गई टीम
- आरोपी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करने का दावा

### अवैध रूप से चल रहे कई अस्पताल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के गूलर चौराहे पर अवैध रूप से कई अस्पताल संचालित हैं और कई लैबों पर तो बच्चे ही बैठकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। कुछ अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों की मौत भी हो चुकी है और कई जच्चा बच्चा केंद्रों पर मौतें हो चुकी हैं। अभी कुछ दिन पहले कुंदरकी डींगरपुर रोड स्थित काजीपुरा श्मशान घाट के सामने एक अवैध रूप से संचालित अस्पताल में जच्चा और बच्चा दोनों की ही मौत हो गई थी। इसे लेकर हंगामा भी हुआ था। डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में उनको जानकारी मिली है जल्द ही इन अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर छापामारी कर इनको सील किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



सत्संग में बाबा फुलसंदे वाले से आशीर्वाद लेते भक्त। ● अमृत विचार

### सत्य के मार्ग पर चलने वालों को मिलती है मंजिल

**छजलैट, अमृत विचार :** सत्य के मार्ग पर चलने वालों को ही मंजिल मिलती है। मनुष्य को कभी निराश नहीं होना चाहिए। यह विचार सीएनएस अकादमी कुचावली में प्रवचन करते हुए बाबा फुलसंदे वाले ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य कितनी भी विषम परिस्थिति क्यों न हो, जो मनुष्य मोह के कारण अनुचित कर्म करता है, चाहे वह विद्वान और महान हो, वह अपने जीवन में धन एवं प्रतिष्ठा से हाथ धो बैठता है। परमात्मा ने हम सभी को एक ही पृथ्वी, एक ही आसमान और एक ही आत्मा रूपी प्रकाश दिया है। यह संदेश देता है कि हम सब भी एक ही परमात्मा के अंश हैं। उन्होंने संसार को मिथ्या बताया। कहा कि हम अज्ञान की वजह से इस भौतिकवादी दुनिया में फंस जाते हैं। यही हमारे दुखों का कारण है। इस भ्रम के कारण हम कष्ट भोगते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अंधकार से निकलकर परमात्मा की शरणगति रूपी प्रकाश को प्राप्त कर पाते हैं। अंत में बाबा ने कहा कि वह परमेश्वर सच्चा है और उसका नाम सच्चा है। कार्यक्रम संयोजक सुंदर सिंह ने बाबा का अभिनंदन किया। इस दौरान अकादमी के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### रालोद कार्यकर्ताओं ने चौधरी अजित सिंह को दी श्रद्धांजलि

**छजलैट, अमृत विचार :** गांव अलीपुरा कुई में चौधरी अजित सिंह के चित्र पर युवा रालोद रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह व पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उनके कार्यों को याद किया। कहा कि चौधरी अजीत सिंह को किसान-मजूदरों के हक की बुलंद आवाज के रूप में पहचाना जाता था। उन्होंने किसानों के लिए काफी संघर्ष किया। सत्ता में भागीदारी मिली तो किसानों के हक में नीतियां और कानून बनवाए। किसानों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचितों के हितों के लिए चिंतन और संघर्ष करने वाले चौधरी अजीत सिंह यादों में हमेशा जीवंत रहेंगे। इस दौरान शिवराम सिंह प्रजापति, भास्कर देवल, धर्मवीर सिंह व अंकित चौधरी आदि मौजूद रहे।



हैडपंप पर पानी पीने की कोशिश करती बकरी। ● अमृत विचार

### उमस भरी गर्मी से पशु-पक्षी भी बेहाल

**डिलारी, अमृत विचार :** इस माह के पहले की सप्ताह में गर्मी अधिक हो गई है। इससे लोगों के साथ पशु-पक्षियों के जीवन पर भी असर पड़ रहा है। सोमवार सुबह 28 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ दिन की शुरूआत हुई। दोपहर दो बजे के बाद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस दौरान घर से बाहर निकलना मुशिकल हो गया। गर्म हवा व उमस भरी गर्मी में लोग पसीने से तर हो गए। क्षेत्र की अधिकांश सड़कों पर दोपहर होते-होते सन्नाटा पसर चुका था। गर्मी से राहत पाने के लिए राहगीर सड़क किनारे पेड़ों की छाव में आश्रय लिए हुए थे। पशु पक्षी तक गर्मी से बदहाल नजर आ रहे थे। भीषण गर्मी में हैड पंप पर पशु पानी पीते नजर आए। कस्बे में कोचिंग जाने वाली कुछ छात्राएं छतरी लेकर सड़क पर निकली थीं। जगह-जगह गन्ने के रस के ठेलों पर राहगीरों की भीड़ दिखी।

# बाइक चोरी में निर्दोष को पकड़ने पर प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बाइक चोरी घटना में निर्दोष रिक्शा चालक का चालान करने पर सोमवार को लोगों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। दो दिन में मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोग एकत्र होकर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि एक सप्ताह पहले शरीफ नगर स्थित एक मैरिज हॉल से अभय राजपुर निवासी निसार अहमद की बाइक चोरी हुई थी। आरोप है कि इसे बेचने के लिए शरीफ नगर निवासी महफूज और शाहवेज जसपुर भी गए थे। इस बीच जानकारी होने पर एक मई को बाइक स्वामी अपने रिश्तेदारों को लेकर शरीफ नगर महफूज के घर पहुंचा। जहां ग्राहक बनकर महफूज से अपनी बाइक खरीदने की बात शुरू कर दी। सौदेबाजी के दौरान अचानक पुलिस पहुंच गई। तभी पुलिस को चकमा देकर आरोपी महफूज बाइक लेकर भाग गया। पुलिस, बाइक स्वामी व ग्रामीणों ने उसका पीछा किया। बाद में बाइक चोर जसपुर रोड पर एक व्यक्ति के घर बाइक खड़ी कर सुबह ले जाने की बात कह कर चले गए। इस दौरान पुलिस ने बाइक को बरामद कर पृथ्वी सिंह का चालान कर दिया। लोगों का कहना है कि पृथ्वी सिंह निर्दोष है। आरोप है कि पुलिस मुख्य चोरों से हमसाज है। घटना के कई दिन बाद भी पुलिस ने महफूज और शहवेज को गिरफ्तार नहीं किया है। प्रदर्शनकरियों ने मुख्य आरोपी महफूज उर्फ पुट्टी व शाहवेज की गिरफ्तारी और पृथ्वी सिंह की रिहाई की मांग पूरी न होने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वाले में उदल सिंह, हेमराज सिंह, आकाश कुमार, वीर सिंह, माजिद, छोटे सिंह आदि रहे।



सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

- सीओ कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, निर्दोष को छोड़ने की मांग

# क्षेत्र के अवैध अस्पतालों में लोगों को जान का खतरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- चिकित्सा अधीक्षक का दावा अभियान चलाकर करेंगे कार्रवाई

**अमृत विचार :** क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की बिना अनुमति के अवैध तरीके से निजी अस्पताल, झोलाछापों के क्लीनिक और लैब संचालित हो रही है। इनमें लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इन आस्पतालों में ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। लैबों में मरीजों से मोटी रकम वसूली जा रही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

नगर के कुछ लोगों ने बताया कि शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ऐसे अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई करती है। लेकिन जांच में उनके अभिलेख सही दर्शा कर अस्पताल मानक के पूरे मान लिए जाते हैं। अस्पतालों के सामने फ्लेक्सी, बोर्ड लगाकर एमटी एमएस चिकित्सकों के नाम लिखकर लोगों का इलाज किया जाता है। लेकिन अधिकतकर निजी अस्पतालों में इलाज करने वालों के पास डिग्रियां नहीं हैं। पूर्व में कई बार इन्हीं अवैध अस्पतालों में भर्ती हुए मरीजों की हालत बिगड़ने और उनकी मौत होने तक के मामले हो चुके हैं। इसके बाद भी इन अवैध अस्पतालों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में नगर के काशीपुर रोड पर कुछ और अस्पताल खुले हैं। इनमें मोटी रकम वसूल कर ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं। इन अस्पतालों में मरीजों को उनकी हालत खराब हो जाने पर रेफर कर दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि अवैध निजी अस्पतालों, झोलाछापों, लैब संचालकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी।

## हज आजमीनों को दिया गया प्रशिक्षण

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के पेंठ बाजार स्थित एक मिनार वाली मस्जिद में सोमवार को दावते इस्लामी इंडिया के शोबा हज व उमराह के तहत हज यात्रा पर जाने वालों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अहराम बांधने का तरीका, उमराह करने का तरीका, तवाफ का तरीका और हज के 5 दिन के बारे में जानकारी दी।

समान में सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक कोई भी नशे की वस्तु नहीं लेकर जाएं इसको सऊदी सरकार ने ड्रग्स माना है। रुकने मजलिस हाजी साजिद अत्तारी ने बताया कि हज हो या नमाज सीख कर इबादत करेंगे तो ज्यादा बेहतर तरीके से कर पाएंगे। इस मौके पर गुलाम नबी अत्तारी, अरकान कादरी, जावेद अत्तारी, मोहम्मद उस्मान, भूरा अत्तारी आदि मौजूद रहे। आखिर मे मुल्क की तरक्की और अमन के लिए दुआ की गई।

**जिम्मेदारी** तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# नई कार्यकारिणी को दिलाई पद की शपथ

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में सोमवार को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने उनसे ईमानदारी से काम करने का आग्रह किया।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसका संचालन प्रदीप कुमार एडवोकेट, व्यवस्थापक चुनाव समिति शहजाद रफी खान, कोषाध्यक्ष एल्डर कमेटी एवं डॉक्टर विनीत नैन, उपसचिव चुनाव समिति ने किया। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। इसके बाद कांठ ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कुवंरसेन सिंह, नायब तहसीलदार आनंद कुमार व सब रजिस्टार जमाल फैसल का स्वागत किया गया।

ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश ने नव नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब, महासचिव नन्हे खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ढाका, कोषाध्यक्ष वैभव बिश्नोई, सह सचिव प्रशासनिक शुभम बिश्नोई, सह सचिव प्रकाशन पारितोष भारती, सह सचिव पुस्तकालय अतुल कुमार राजपूत एवं मोहम्मद सोहेल खान व जाहिद हुसैन को सदस्य कार्यकारिणी के पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान एल्डर कमेटी के महावीर सिंह, दीपक कुमार बिश्नोई, गजेंद्र कुमार, चंद्रपाल सिंह, जैनुल हसन, चरण सिंह सैनी, प्रवीण गुप्ता, विजयवीर सिंह, संजीव कुमार, मुसर्रत हुसैन, जीनत परवीन, महासचिव सुगम सिंह पंवार, प्रमोद शर्मा पूर्व अध्यक्ष, अतुल राजपूत, यशवीर सिंह, दीप सिंह बिश्नोई, प्रेम सिंह, कोमल सिंह, लक्ष्मण सिंह, शीशराम सिंह, अमित कुमार विश्नोई, सुधीर कुमार बिश्नोई, भूपेंद्र सिंह और बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मौजूद रहे।




समारोह में शामिल नई कार्यकारिणी के सदस्य व अन्य। ● अमृत विचार

## समिति के कैडर सचिव की हार्टअटैक से मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** अजमतनगर ज्योंडेरा समिति व वी पैक्स चांदपुर ग्वालखेड़ा साधन सहकारी समिति लिमिटेड के कैडर सचिव की हार्टअटैक से मौत हो गई। हालांकि उन्हें महानगर के अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया।

गांव बीरमपुर निवासी गोपाल शरण माथुर (60) इस समय नगर की ओम विहार कॉलोनी में परिवार सहित रहते हैं। दोपहर को उनके हार्ट में दर्द होने की शिकायत हुई। परिवार के लोग मुरादाबाद के एक अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की सूचना से सहकारिता के क्षेत्र में शोक है। पांच भाइयों में वह चौथे नंबर के थे। ओम विहार कॉलोनी स्थित आवास पर लोग सांत्वना देने के लिए पहुंच गए। परिवार में पत्नी शुभ्रा माथुर के अलावा उनके दो बेटे अर्पित और उमंग माथुर भी हैं।



सम्मानित होने के बाद शील्ड दिखाते मेधावी छात्र-छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

# मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर स्थित बीएचपी मेमोरियल इंटर कॉलेज में सोमवार को सम्मान समारोह में प्रबंधक हाजी ताहिर हुसैन ने बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता फैसल इरफान, संचालक मोहम्मद जीशान पासा ने भी मेधावियों को शील्ड दी। प्रबंधक ने कक्षा-10 के टॉपर मोहम्मद सलीम रजा को साइकिल देकर सम्मानित किया।

मीनाक्षी, इल्मा, मोहम्मद आदिल, लाइवा नियाजी, रिमशा कौशर, सबा तारिक, लाइवा नूर, सानिया, सानिया बी, फातिमा, अलीशा बी, मोहम्मद कैफ, नफीस, अमन सैफी, मोहम्मद रेहान और कक्षा-12 के आदर्श कुमार, चंद्र प्रकाश, शिवानी, सानिया बी, हमेरा खातून को सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने छात्र-छात्राएं मोबाइल फोन का उपयोग जरूरी होने पर ही करें। टाइम टेबल बनाकर तैयारी करने की सलाह दी। कॉलेज के संचालक ने मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि बोर्ड परीक्षा में कोई छात्र-छात्र जिले की मेरिट लिस्ट में स्थान लाता है तो उसे इलेक्ट्रिक स्कूटर देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान बिट्टू सिंह, इंद्रजीत सिंह, मुकुल सक्सेना, आदेश मौर्य, जयवीर सिंह, मुजीब अहमद, शहजाद हुसैन आदि रहे।

## एक नजर

### पूर्व सभासद ने की तिरंगा लाइट सही कराने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** पालिका प्रशासन द्वारा नगर में विद्युत पोलों पर तिरंगा लाइटें लगाई गई थी। जिनको खोलने एवं बंद करने का कनेक्शन नीचे है। पालिका परिषद के पूर्व सभासद योगेंद्र शर्मा ने ईओ को पत्र लिखकर खराब पड़ी तिरंगा लाइटों को सही कराने एवं उनके कनेक्शन को ऊपर कराने की मांग की है। उनका कहना है कि कनेक्शन नीचे होने के कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है। ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया कि जो लाइट खराब हो गईं हैं, सही कराया जाएगा।

### युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी मोनू का गांव के राहुल कश्यप से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। रविवार शाम भी दोनों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि राहुल व उसके साथियों ने मोनू के साथ मारपीट कर दी और धारदार हथियार से वारकर गंभीर घायल कर दिया। विरोध पर जाति सूचक शब्द कहे। घटना के बाद मौके पर हंगामा हो गया। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने मोनू को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी

### कार डिवाइडर पर चढ़ी चालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** रविवार देर रात चौपला पर अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार का चालक मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान जोरदार आवाज होने पर लोग सहम गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। चालक को कार से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार को किसी तरह डिवाइडर से हटाया।

### अवैध खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्राली किए सीज

**आदमपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर की दढ़ियाल पुलिस चौकी क्षेत्र के खरपड़ी गांव से करीब 200 मीटर दूर ट्रैक्टर ट्रालियों और जेसीबी से अवैध खनन किया जा रहा था। खनन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर बिना परमिशन खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रालियों और जेसीबी को सीज कर दिया गया है। जिसके बाद इन्हें दढ़ियाल पुलिस चौकी में लाकर खड़ा कर दिया है। इस बीच खनन अधिकारी ने अवैध खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया।

### ग्राम प्रधान के घर से लाखों का सामान चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव यकबगड़ी के ग्राम प्रधान के घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने घर में रखे जेवरात समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। गांव प्रधान सुरेंद्र सिंह के मुताबिक वह रात को आंगन में सो रहा था। रात में किसी समय पीछे से दीवार में लगी खिड़की को तोड़कर चोर घर में दाखिल हो गए। चोर संदूक में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अलमारी में रखी नकदी समेत बाकी सामान लेकर फरार हो गए। चोरी की जानकारी दिन निकलने पर हुई। इसके बाद ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम प्रधान के मुताबिक उसके घर से 10 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी हुआ है।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा से छेड़छाड़ के विरोध में कलेक्ट्रेट में गरजे भाजपाई

## मैनपुरी में रोड शो के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ की थी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव द्वारा निकाले गए रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की मूर्ति से सपा कार्यकर्ताओं ने छेड़छाड़ की थी।

इसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर राजयपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

सोमवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। यहां उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मैनपुरी में रोड शो के दौरान महाराणा प्रताप की मूर्ति से छेड़छाड़ के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। कहा कि डिंपल यादव के रोड शो के बाद सपा के कार्यकर्ता राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चढ़ गए। प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ

- **प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ भी की थी अभद्र टिप्पणी**
- **डिंपल यादव के रोड शो के दौरान हुई थी घटना**

अशोभनीय टिप्पणी की। कहा कि अमरोहा का सर्व समाज सपा के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम संबाधित ज्ञापन जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को सौंपा।

### किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** युवक से परेशान होकर किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की थी। मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी के गांव के युवक से प्रेम संबंध थे। जानकारी होने पर परिवार वालों ने किशोरी का घर से निकलना बंद कर दिया था। बताते हैं कि किशोरी शनिवार को किसी तरह घर से बाहर निकली तो युवक ने उसे मोबाइल दे दिया था। शाम को किशोरी के पास मोबाइल मिलने पर उसके परिवार वालों ने उसे डांट दिया और मोबाइल छीन लिया था।

शनिवार शाम किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उपचार के दौरान रविवार की सुबह किशोरी की मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर इस मामले में आरोपी विश्वास के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डीपीआरओ ने गांवों में सफाई के निर्देश दिए

**अमरोहा, अमृत विचार :** सोमवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव में सफाई अभियान को चलया जाए।

जिससे कि गर्मी में मच्छरों का प्रकोप को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के कारण ही ग्रामीण क्षेत्र के महिलाएं, पुरुष और बच्चे मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के ब्लॉक से आए सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। डीपीआरओ ने सभी सफाई कर्मचारियों से कहा कि वह कार्य को जिम्मेदारी के साथ करें। डीपीआरओ ने जोया ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

# विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हाइवे जाम

संवाददाता, मंडी धनौरा



मंडी धनौरा में हाइवे जाम करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को युवती के अपहरण के आरोपियों की गिरफ्तारी व मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाने की मांग को लेकर स्टेट हाइवे जाम कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे सीओ ने आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

मामला थाना क्षेत्र के गांव का है। गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही तीन युवकों पर आरोप लगाया था कि शनिवार रात को आरोपी उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ लेकर ले गए। पीड़िता के पिता का कहना है कि रात करीब 11 बजे उसकी आंख खुली तो उसकी 20 साल की पुत्री चारपाई पर नहीं थी। घर के अलावा गांव में भी बेटी की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिली। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- **युवती को घर से फुसलाकर ले जाने का मामला**

आरोपियों की गिरफ्तारी व मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार दोपहर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। तहसील गेट के सामने रोड जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ श्वेताभ भास्कर ने विहिप कार्यकर्ताओं को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने व शीघ्र ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। विहिप, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो जिले में चक्का जाम किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव व सीओ श्वेताभ भास्कर को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने वालों में हेमंत सारस्वत, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला महामंत्री विपिन शर्मा, जिला संयोजक कुशल चौधरी, रूपेश कुमार, सुनील कुमार, हरपाल सिंह, नरेश चंद्र ,गौतम, मनोज कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


एएसपी राजीव कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी।

## जाम से छुटकारा दिलाने को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने एएसपी से मुलाकात कर शहर को जाम से निजात दिलाने की मांग की। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर एएसपी को ज्ञापन दिया।

सोमवार को प्रदेश संयोजक खत्री मनोज टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एएसपी राजीव कुमार सिंह से मुलाकात कर बताया कि बाजार और मुख्य चौराहों पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। शहर में मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है। आपराधिक घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने शहर में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। जोया के साप्ताहिक बाजार के जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए। इन सभी मांगों को लेकर एएसपी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर समीर खान, कमर नकवी, मोनू यादव, सलीम अंसारी, फहीम अहमद, हरस्वरूप माथुर, मोहम्मद अंजार, साजिद सैफी, अजीम खान, दानिश सैफी, फजले चौधरी, शाहिद सैफी, सोनू मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से युवक और बालिका घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव से साढू की बेटी की सगाई में शामिल होने जा रहे युवक की बाइक में सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक और उसकी भतीजी तरह घायल हो गए।

सोमवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी मेवाराम पुत्र मुंशी छोटे भाई मित्रपाल की बेटी राधिका के साथ गांव झुरेरी निवासी साढू की बेटी की सगाई में शामिल होने के लिए गांव महमूदपुर सुल्तानठेर जा रहा था। अगरौला कलां लिंक मार्ग पर जैसे ही उसकी बाइक धीमरखेड़ी गांव के निकट पहुंची, तो सामने से आ रही अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से युवक और भतीजी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मेवाराम की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पालिका, तहसील की टीम ने अवैध निर्माण रुकवाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पालिका एवं सदर तहसील की संयुक्त टीम ने 40 बीघा भूमि पर अवैध रूप से हो रहे निर्माण को रुकवाया और हो चुके निर्माण कार्य को जेसीबी गिरवाया।

सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार को जानकारी मिली थी कि अमरोहा खास बाहर चुंगी के पास 40 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही है। जानकारी मिलने पर डॉ. बृजेश कुमार ने राजस्व निरीक्षक शैलेंद्र शर्मा को सदर तहसील के नायब तहसीलदार के साथ मौके पर भेजा। मौके पर नगर पालिका और सदर तहसील की संयुक्त टीम ने 40 बीघा भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को रुकवा दिया


अवैध प्लाटिंग की गिराई दीवार।

और किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। टीम को देखकर मौके पर प्लाटिंग कर रहे लोग भाग खड़े हुए। टीम में शामिल अधिकारियों ने प्लाटिंग कर रहे लोगों को चेतावनी दी कि अगर फिर से प्लाटिंग की गई , तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


नीरज अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनयन का पत्र देते जिला अध्यक्ष।

### सुभासपा को प्रदेश में और मजबूत करेंगे : सत्यपाल

**अमरोहा, अमृत विचार :** सुभासपा की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय कैलसा रोड पर हुई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नीरज अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व राज्यमंत्री अरविंद राजभर को एनडीए गठबंधन से घोसी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने पर हर्ष व्यक्त किया। बताया कि जनपद से प्रतिनिधिमंडल 15 मई को घोसी में चुनाव लड़ाने के लिए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जाएगा। जिसमें आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनुस प्रधान, डॉ. जगत सिंह, अफान चौधरी, मोहम्मद नाजिम, जगबीर सिंह चौहान, राम गोपाल जाटव आदि रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में पंडित राम अवतार शर्मा, जगत सिंह गुर्जर, वकील अहमद, अतिकुर्रहमान, संजीव कुमार, बाबूराम पाल, सुहैल साबरी, डॉ. दानिश, अमीर खान रहे।


हसनपुर में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

### जुबिलेंट फैक्ट्री के खिलाफ गरजे किसान, सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** सोमवार को विकासखंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में भाकियू लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में लिपिक राहुल को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि गजरौला स्थित जुबिलेंट फैक्ट्री के कारण क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। प्रशासन इस पर रोक लगवाए। इसी के साथ छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष हाजी हसीन अहमद गफ्फारी, राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह,अनिल कुमार, युद्धवीर सिंह, जतिन, बहादुर अली, मुनिदेव आदि किसान मौजूद रहे।

### नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब का लोकार्पण

**अमरोहा, अमृत विचार :** सोमवार को हिन्दू डिग्री कॉलेज मुरादाबाद के प्रोफेसर एवं उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ. रोहिताश सिंह ने कैलसा रोड स्थित घनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर में पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब का लोकार्पण किया। डॉ. रोहिताश सिंह की प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्या मंदिर कैलसा में हुई थी। विद्यालय के अध्यक्ष अजय टंडन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. रोहिताश सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष अजय टंडन, प्रबंधिका अंजलि टंडन, इन्दु कौर, कोर्डिनेटर जूही राज, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र वर्मा, ध्यान सिंह, कृपाल सिंह, एकता सिंह रहे।


बुरावली के एसएलजे पब्लिक स्कूल में फ्रूट पार्टी में बच्चे। ● अमृत विचार

### फ्रूट्स पार्टी में बच्चों ने लिया आनंद

**बुरावली, अमृत विचार :** बुरावली क्षेत्र के एसएलजे पब्लिक स्कूल नालेज पार्क हाकमपुर में बच्चों के लिए फ्रूट्स पार्टी हुई। जिसमें बच्चों ने मौसम के ताजे फलों का बच्चों ने आनन्द लिया। बच्चों को फलों के नाम के साथ उनसे होने वाले फायदे के विषय में भी बताया। बच्चों को बताया कि जंक फूड व फास्ट फूड छोड़कर ताजे फल खाने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संजय सिंह भाटी, प्रधानाचार्या शिवानी त्यागी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


अमरोहा में नालों से निकली सिल्ट उठाते पालिकाकर्मी। ● अमृत विचार

### नगर पालिका ने शुरू कराई नालों की सफाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका ने नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया है। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर में जलभराव से लोगों को निजात दिलाने के लिए बरसात से पहले ही नगर के नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि नालों से निकाले जाने वाली सिल्ट को तुरंत उठाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में नगर पालिका के कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ लगाया है। उनको निर्देश दिए गए हैं कि वह कार्य में किसी तरह की लापरवाही न करें। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा नगर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। सफाई कर्मचारी सुबह के समय घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे हैं। इससे नगर में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।


डॉक्टरेट की मानद उपाधि देते वेबिक विवि के कुलपति डॉ. फेलिक्स।

### जोगेन्द्र व अजय को वेबिक विवि ने दी डॉक्टरेट की उपाधि

**गजरौला, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा एवं योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साउथ अफ्रीका के वेबिक विश्वविद्यालय घाना ने जनपद अमरोहा के प्राथमिक विद्यालय तिगरी के प्रधानाध्यापक जोगेन्द्र सिंह तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय चौबारा के शिक्षक अजय सिद्धू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। दोनों शिक्षकों को वेबिक विश्वविद्यालय घाना के कुलपति डॉ. फेलिक्स ओफोसु डीजेन ने नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरेट की मानक उपाधि से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आध्यात्मिक गुरु अनिरुद्धाचार्य महाराज तथा राज्यसभा सदस्य एवं मणिपुर के महाराज लैशेम्बा सनाजाउबा उपस्थित रहे।

**बैठक** जिलाधिकारी ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

# बरसात से पहले कर लें सड़कों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें समय से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने व विभागीय कार्य योजना शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बरसात के दौरान संभावित बाढ़ से पहले की जाने वाली तैयारियों के लिए बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप व आपदा से बचाव के लिये विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक की। जिलाधिकारी ने संवेदनशील क्षेत्रों का विवरण, संसाधन, शरणालय, बाढ़ राहत केन्द्रों को स्थापित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ़ के दृष्टिगत खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल, ईंधन व गैस की उचित व्यवस्था रखें। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश देते हुये कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से हो इसके लिये तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि चिकित्सीय व्यवस्था, टीकाकरण और समुचित स्टाफ की उचित व्यवस्था रखें और चिकित्सकों की टीम गठित कर लें। उप जिलाधिकारी हसनपुर और धनौरा को निर्देश दिए कि कहा कि पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की तैनाती की जाए और हसनपुर में बाढ़ चौकी स्थापित की जाए और पीएसी की तैनाती की जाए। वर्षा काल से पहले ही सड़कों एवं सड़कों के किनारे मरम्मत पूरी करा लें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी हसनपुर, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, जिला पूर्ति अधिकारी रहे।

# मजदूरी के रुपये मांगने पर आरा मशीन पर बैठाकर काटा था गला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पैसे लेने गए मजदूर के भाई को जबरन आरा मशीन पर बैठा दिया था। इससे ब्लेड से उसकी गर्दन कट दी गई थी। गंभीर हालत में युवक को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जाता है कि घटना करीब एक साल पहले की है। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरा मशीन संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली संभल चौराहा की है। सैदनगली थाना क्षेत्र के मोहल्ला रहमतनगर निवासी अख्तर अली का बेटा मोहम्मद इमरान लकड़ी का कारीगर है। बीते साल उसने गांव मूंढा इम्मा निवासी साजिद, नसीम और जाकिर की संभल चौराहा पर स्थित आरा मशीन

- **मुश्किल से बची थी जान, पिछले साल की है घटना, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज**

पर तीन महीने काम किया था। लेकिन उसकी मजदूरी के पैसे नहीं दिए गए थे। मजदूरी के रुपये लेने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। इसके बाद उसने अपने भाई फरमान को आरोपियों के पास मजदूरी के रुपये लेने भेजा। जिस पर आरोपियों ने उसे आरामशीन पर जबरन बैठा दिया और जिससे उसकी गर्दन कट गई। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे बचाया। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए दिल्ली ले गए। जहां उसकी जान बची। सीओ सिटी अरूण कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपी साजिद, नसीम और जाकिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

### महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया, रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** प्रेम विवाह करने वाली युवती को ससुराल में दहेज को लेकर प्रताड़ित किया गया। पीड़िता की तहरीर पर महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती का मोहल्ले के निवासी युवक से प्रेम प्रसंग था। युवती ने घर से जाकर परिजनों की मर्जी के खिलाफ प्रेमी से शादी कर ली थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद कुछ दिन बाद दहेज को लेकर ताने देने शुरू कर दिए। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। आरोप है कि शादी के बाद से ही जेठ बुरी नजर रखता है। 22 अप्रैल को जेठ कमरे में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। ननद के उकसाने पर पति ने तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत महिला थाने में तहरीर देकर की। सीओ अंजलि कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### पुलिस 14 लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए 14 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है। सभी को एसडीएम की न्यायालय में पेश किया गया है। पूर्व में चुनाव के समय माहौल बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सोमवार को पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों से 14 लोगों को हिरासत में लिया। जिसके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि जिन लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। अगर वह चुनाव में गड़बड़ी व माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार घायल

**बबराला, अमृत विचार :** मुख्य बाजार में दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार घायल हो गया। नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी योगेश यादव पुत्र जनसेवा केंद्र संचालक है। सोमवार रात करीब 8.30 बजे जनसेवा केंद्र बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। मुख्य बाजार रेलवे रोड पर अक्रूर मार्ग से अचानक आई अपाचे बाइक ने योगेश की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अपाचे बाइक पर सवार अर्जुन सुरक्षित है।

## सीआईएससीई का परीक्षा परिणाम घोषित, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

# इंटर में शौर्य सिंह व हाईस्कूल में हर्ष मित्तल ने किया स्कूल टॉप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** सीआईएससीई ने सोमवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया। शहर के सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में इंटरमीडिएट में शौर्य ने 95.25 प्रतिशत व हाईस्कूल में हर्ष मित्तल ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया है। परीक्षाफल घोषित होने पर छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे और खुशी से उछल पड़े। एक-दूसरे को बधाई दी। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य ने टापर्स बच्चों को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई।

शहर में सीआईएससीई का एक मात्र विद्यालय सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल है। सोमवार को घोषित परीक्षा परिणाम में हाईस्कूल के हर्ष मित्तल 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान, रिद्धि अग्रवाल ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान, तानिया शर्मा ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में शौर्य सिंह ने 95.25 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, सिद्धार्थ शर्मा व यश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से 93.75 अंक प्राप्त कर दूसरा व भुवि अग्रवाल व हर्ष देव ने संयुक्त रूप से 93 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य सिस्टर जैसलीन व उप प्रधानाचार्य सिस्टर जैस्सी ने टापर्स को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई व बच्चों को शुभकामनाएं दी।


सेक्रेड हार्ट कांवेन्ट स्कूल में रिजल्ट घोषित होने पर खुशी मनाते होनहार।

### हर्ष का सपना इंजीनियर बनने का

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में हाईस्कूल के विद्यालय टॉपर हर्ष मित्तल ने 96 .6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता अमित गुप्ता बिजनेस करते हैं और शक्ति नगर में रहते हैं। हर्ष इंजीनियर बनना चाहते हैं। वह बताते है कि वह प्रतिदिन 5 से 6 घंटे ही पढ़ाई करते हैं। घर में उनके पिता ही उनका ज्यादा ध्यान रखते हैं। उन्हें बैडमिंडन खेलना पसंद हैं। वह बताते हैं कि सफलता के लिए संघर्ष करना पड़ता है। अपने मन को पढ़ाई की ओर लगाना पड़ता है। क्योंकि आजकल कंप्टीशन का जमाना है। इसलिए हाईस्कूल में अच्छे अंक लाना बहुत जरूरी था। उनकी सफलता से परिवार के सदस्य खुश हैं।

### हाईस्कूल टॉप थ्री


1 प्रतिशत-96.6% नाम-हर्ष मित्तल
2 प्रतिशत-96.2% नाम-रिद्धि अग्रवाल
3 प्रतिशत-95.6% नाम-तानिया शर्मा

### इंटरमीडिएट टॉप थ्री


1 प्रतिशत-95.25% नाम-शौर्य सिंह
2 प्रतिशत-93.75% नाम-सिद्धार्थ शर्मा
2 प्रतिशत-93.75% नाम-यश प्रताप सिंह


3 प्रतिशत-93.00% नाम-भुवि अग्रवाल
3 प्रतिशत-93.00% नाम-हर्ष देव

### चिकित्सक बनना चाहता है टॉपर शौर्य

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल के इंटरमीडिएट के स्कूल टॉपर शौर्य सिंह भविष्य में चिकित्सक बनना चाहते हैं। उनके पिता कुंवर पाल सिंह विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह बताते हैं कि प्रतिदिन 6 से 7 घंटे ही पढ़ाई करते थे। जितनी देर भी पढ़ते हैं, मन व लगन के साथ पढ़ते थे। जिससे उन्हें परीक्षा के दौरान कोई परेशानी नहीं हुई और सभी प्रश्नों के उत्तर हल कर दिए। उन्हें कंप्यूटर गेम्स खेलना पसंद हैं। बताते है कि उन्होंने नीट की परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।


भविष्य वर्मा-90% रुसदा फराज-86% मुनीर हसन-88%

### 10वीं के भविष्य वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर किया टॉप

**संभल, अमृत विचार :** सीआईएससीई ने सोमवार को 10वीं का परीक्षा फल घोषित कर दिया। जिसे देखकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मेधावियों ने अपने-अपने तरीके से अच्छे परीक्षाफल को लेकर खुशी मनाई। संभल के होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल के भविष्य शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। सीआईएससीई के तहत 10वीं की परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं को परीक्षाफल का इंतजार था।

सोमवार को जैसे ही परीक्षाफल घोषित हुआ तो मेधावियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। संभल के होली सुफ्फाह पब्लिक स्कूल के भविष्य वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने स्कूल टॉप किया। मुनीर हसन ने 88 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और रुश्दा फराज ने 86 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुब्रत नाग और चेयरमैन सलमान रागिब ने छात्र छात्राओं को बधाई दी।

## सार-संक्षेप


शिविर में शुगर की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में रोगियों की शुगर की हुई जांच

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर की ओर से आजाद रोड स्थित बीएस हॉस्पिटल में सोमवार को एक शुगर चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों का शुगर टेस्ट किया गया। मरीजों को खाने पीने की सही जानकारी देते हुए चिकित्सक ने बताया कि हमें समय-समय पर शुगर टेस्ट करते रहना चाहिए। शिविर में 50 लोगों ने शुगर टेस्ट कराया। इस मौके पर स्पेशल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, शीनू शर्मा, विमलेश सैनी मौजूद रहीं।


शिव मंदिर के बाहर जलभराव से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### जलनिगम की लीकेज से जल भराव से दिक्कत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर में जहां एक ओर नगर पालिका की ओर से सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं जलनिगम की लीकेज मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जिससे सड़कों में गड्ढे खोद कर जलनिगम के कर्मचारी लीकेज ठीक करने में जुटे हुए हैं। लीकेज से सड़कों पर जलभराव से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलनिगम के कर्मचारियों ने सीता रोड स्थित मूछों वाले शिव मंदिर के बाहर सड़क किनारे लीकेज मरम्मत के लिए तीन दिन पहले गड्ढा खोदा था लेकिन लीकेज सही नहीं हुई। जिससे आलम ये है कि सुबह और शाम के समय प्रेशर आने पर सड़क पर जलभराव हो जाता है। जिससे लोगों को जलभराव से होकर गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



मतदाताओं के लिए बनाया गया सेल्फी प्वाइंट। ● अमृत विचार

### वोट डाल कर सेल्फी भेजें, मिलेगा पुरस्कार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** लोकसभा संभल में चुनाव तीसरे चरण में सात मई दिन मंगलवार को होगा। भीषण गर्मी का प्रकोप भी जारी है। ऐसे में शत प्रतिशत मतदान के लिए जहां प्रशासन समेत विभिन्न संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं अधिक से अधिक मतदान के लिए चौधरी प्रेमशंकर स्मृति ट्रस्ट चन्दौसी के अध्यक्ष और अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने नई पहल की है। उन्होंने कैथल गेट स्थित अपने आवास पर वोटर सेल्फी प्वाइंट बनाया है। जिसमें मतदाता अपना वोट डाल कर इंक लगी अंगुली के साथ सेल्फी खींच कर चौधरी विवेक कुमार के वाट्सएप नंबर 8630362448 या वोटर सेल्फी ग्रुप पर भेजेंगे। जिसका लकी ड्रा निकाला जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विवेक कुमार ने बताया कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार के अलावा 11 सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।

### वाहन की टक्कर से छह वर्षीय बच्चे की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में घर से खेत पर जा रहे छह वर्षीय बच्चे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर अजमत नगर निवासी लालू का छह वर्षीय बेटा विशाल सोमवार को घर से खेत पर जा रहा था। जैसे ही वह आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर महावा पुल के समीप पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। चालक अज्ञात वाहन को लेकर भाग गया। आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# दबिश को गए चौकी इंचार्ज व पुलिस टीम से मारपीट

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जेल से छूटे अपराधियों के घर सत्यापन करने गई थी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार की रात एक बजे लक्ष्मण गंज चौकी इंचार्ज टीम के साथ क्षेत्र में अभियुक्तों के घर-घर जाकर सत्यापन व तलाशी ले रही थी। इसी बीच लक्ष्मण गंज में जेल से छूट कर आए दो भाइयों के घर दबिश देने पर पुलिस को लेने के देने पड़ गए। गाली-गलौज करते हुए पुलिस टीम के साथ मारपीट की। जिसमें चौकी इंचार्ज घायल हो गए और मौके की नजाकत को देख वापस लौट आए। चौकी इंचार्ज की ओर से चार महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ बलवा व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दो भाईयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

रविवार की रात लक्ष्मण गंज चौकी इंचार्ज सचिन भाटी तीन सिपाही तेज सिंह, हरपाल व अतुल बाना के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहन, हिस्ट्रीशीटर, गोकसी, चोरी व लूट आदि के अभियुक्तों के घर सत्यापन व तलाशी अभियान चला रहे थे। रात एक बजे पुलिस टीम कुछ दिन पहले जेल से छूटकर आए लक्ष्मणगंज निवासी मोहसिन व मोइन पुत्र शमशाद उर्फ पप्पा के घर पहुंची। जब दरवाजा खोला तो पुलिस को देख परिवार के लोग भड़क गए और गाली-गलौज व अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे। पुलिस टीम ने जब विरोध किया तो घर की महिलाएं भी बाहर आ गई और पुलिस के साथ भिड़ गईं। कुछ ही देर में घर के सभी लोगों ने पुलिस टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस स्वयं को घिरा देख चुपचाप लौट गई। मारपीट की घटना में चौकी इंचार्ज सचिन भाटी घायल हो गए। आरोपियों ने पुलिस को फंसाने के प्रयास में स्वयं को ईट से घायल कर दिया व घर की लड़कियों ने स्वयं ही कपड़े फाड़ लिए। पुलिस के जाने के बाद आरोपियों ने घर के दरवाजे बंद कर लिए। इसके बाद घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। कुछ देर बाद ज्यादा संख्या पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और जेल से छूटे मोहसिन व मोईन को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जबकि अन्य आरोपी फरार मिले। चौकी इंचार्ज का उपचार सीएचसी में कराया गया। उनकी तहरीर के आधार पर मोहसिन व मोईन, शमशाद उर्फ पप्पा, शमशाद के भाई, शमशाद की पत्नी, तीन लड़कियां तथा तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने गिरफ्तार मोहसिन व मोईन को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।


सीएचसी में अपना मेडिकल कराते लक्ष्मण गंज चौकी इंचार्ज। ● अमृत विचार

- रविवार रात एक बजे लक्ष्मण गंज में घटना से मची अफरा-तफरी
- पुलिस ने दो आरोपी भाइयों को दबोचा, अन्य की तलाश जारी

> लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस टीम अपना कार्य कर रही थी। मगर अभियुक्तों ने अपने परिवार के साथ मिलकर पुलिस टीम के साथ मारपीट की। जिस पर 12 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
>
> -अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

### आरोपियों ने स्वयं को ईंटे से किया घायल, लड़कियों ने कपड़े फाड़े

चन्दौसी, अमृत विचार : लक्ष्मण गंज में जब अभियुक्त अपने परिजनों के साथ पुलिस टीम के साथ मारपीट कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने पुलिस के सामने ही स्वयं को ईटें मारकर घायल कर दिया। वहीं घर की लड़कियों से अपने कपड़े फाड़ने की बात कही। जिस पर लड़कियों ने स्वयं ही अपने कपड़े फाड़ लिए। चौकी प्रभारी सचिन भाटी ने बताया कि उक्त घटना का पुलिस ने मोबाइल से वीडिया बना लिया है। ताकि उक्त लोग पुलिस को फंसा न सकें। पुलिस टीम तो केवल सत्यापन व तलाशी लेने के उद्देश्य से गई थी। मगर उक्त लोगों ने पुलिस पर ही हमला कर दिया।

## दूसरे दिन भी नहीं लगा लापता युवक का सुराग

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नगला पूर्वा में ससुराल आये युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका। जबकि उसकी बाइक व कपड़े पुलिस ने रविवार को गांव से कुछ दूरी पर बरामद किए थे। परिजनों ने बताया कि युवक का डिप्रेशन का उपचार चल रहा है। फिलहाल पुलिस युवक की तलाश में जुटी है।

बहजोई थाना के गांव मिर्जापुर निवासी आरिफ 28 वर्ष पुत्र नसरुद्दीन शुक्रवार को अपनी ससुराल गांव नगला पूर्वा थाना कुढ़फतेहगढ़ अपनी पत्नी अफसाना को लेने आया था। पत्नी ने पति के साथ जाने से इंकार कर दिया तो युवक शनिवार की शाम पांच बजे बाइक से अपने घर जाने को ससुराल से निकला था। रविवार की सुबह आठ बजे गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर आरिल नदी के पास युवक की बाइक, कपड़े, मोबाइल व जूते पड़े मिले। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# गल्ला व दलहन व्यापारियों ने समस्याओं पर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गल्ला एवं दलहन व्यापारियों के संगठन चन्दौसी व्यापार संघ की बैठक सोमवार को सीता आश्रम स्थित बिंदल फॉर्म के सभागार मे संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मंथन किया गया। समाज के लिए शव रेफ्रिजरेटर निशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता गोविंद गर्ग ने की और संचालन मंत्री नेत्रपाल गुप्ता ने किया।

बैठक में कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने गत वर्ष का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसे सभी सदस्यों की ओर से स्वीकृत किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की समाज की जरूरत को देखते हुए एक शव रेफ्रिजरेटर बनवा कर समाज को निशुल्क उपलब्ध कराया जाए। बैठक में व्यापारियों ने अन्य समस्याओं को लेकर भी चर्चा की और समस्याओं के निस्तारण पर जोर दिया।

संघ के मीडिया प्रभारी ने सभी सदस्यों को लोकसभा चुनाव में अपना और अपने परिवार का शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गयी। सभी सदस्यों ने हाथ उठा कर शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। सदस्यों ने नगर के बाहर कार्यरत अपने परिवार के सदस्यों को बुला कर मतदान कराने की बात भी कही। इस अवसर पर संरक्षक सुभाष चौधरी, हरी गोपाल वार्ष्णेय, वीरेंद्र गुप्ता, भुवनेश वार्ष्णेय, विवेक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विपिन गुप्ता, सुविज्ञ अग्रवाल, शरद अरोरा, सौरभ वार्ष्णेय, आदेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, संजय गर्ग, विक्रम वार्ष्णेय, नीरज अरोरा, रत्न अग्रवाल आदि रहे।


बैठक में उपस्थित व्यापारी। ● अमृत विचार

- सीता आश्रम स्थित बैंक्वेट हॉल में चन्दौसी व्यापार संघ की बैठक हुई

# चुनाव आयोग के निर्देश पर दिया नोटिस, शिवपाल ने छोड़ा बदायूं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव हैं बदायूं लोकसभा प्रत्याशी

**अमृत विचार :** मंगलवार सुबह सात बजे से मतदान होगा। चुनाव आयोग के आदेशानुसार प्रशासन ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव व जसवंतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया। नोटिस जारी होने के बाद शिवपाल सिंह बदायूं छोड़कर चले गए हैं।

एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 5 मई की शाम को लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार थम चुका है। नियमानुसार कोई बाहरी व्यक्ति चुनाव से 48 घंटे पहले और चुनाव प्रचार के बाद जिले में नहीं रह सकता। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव बदायूं लोकसभा से न तो प्रत्याशी हैं और न ही मतदाता। वह पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर रह रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस द्वारा शिवपाल सिंह यादव को नोटिस दिया गया है कि वह जिले से चले जाएं। नोटिस के बाद शिवपाल सिंह यादव बदायूं छोड़कर चले गए हैं। मतदान के दिन उनकी जिले में नो एंट्री रहेगी।

# चलती कार बनी आग का गोला, मची अफरातफरी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगांवा अमरोहा रोड पर चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। चालक ने कार से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। बाद में बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

मामला नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के अमरोहा नौगांवा रोड का है। सोमवार रात को यहां से चालक अपनी कार लेकर नौगांवा से अमरोहा की ओर आ रहा था, जैसे ही वह कार से पंजतनी गेट पर पहुंचे, तभी कार में अचानक आग लग गई। चलती आग एकदम आग का गोला बन गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक आग पर काबू पाया तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आग लगने के बाद चालक ने किसी तरह से कार से कूद कर जान बचाई। कार में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका।


जलती कार। ● अमृत विचार

## गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार छह गए जेल, एक फरार

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी अफरोज, असद व अफजल और कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बड़ी लाडम सराय निवासी इशरत, फैजान, इमरान व शाहरुख के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। रविवार को पुलिस ने गैंग लीडर अफरोज व इसके साथी असद, अफजल, इशरत, फैजान, इमरान को गिरफ्तार किया था। सोमवार को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर अफरोज, असद, इशरत, फैजान व इमरान का चालान कर दिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गैंग लीडर अफरोज अपने साथियों के साथ चोरी की बाइकों व कारों पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचने का काम करता था।

# ट्रैक्टर से जोत दी बाजरा की फसल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में दबंगों ने किसान के खेत में बाजरा की खड़ी फसल को जोत दिया। इतना ही नहीं, खेत में बनी झोपड़ी में आग लगा दी। पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव दिनौरा निवासी सीताराम ने थाने में तहरीर देकर कहा कि गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने खेत में खड़ी बाजरा की फसल को ट्रैक्टर चलाकर जोत दिया। खेत में बनी झोपड़ी में भी आग लगा दी। जिससे झोपड़ी में रखी चारपाई, रजाई, गद्दे तथा अन्य सामान जलकर राख हो गया। लोग खेत की मेड़ के किनारे लगे यूकेलिप्टिस के पेड़ भी उखाड़ ले गए। पीड़ित सीताराम ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। उपनिरीक्षक कपिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

- झोपड़ी में लगाई आग, किसान ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

### झोपड़ीनुमा घर में लगी आग, 40 हजार की नकदी और सामान जला

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई लेकिन तब तक 40 हजार की नकदी और सामान लग गया। थाना क्षेत्र के गांव पानीबाड़ा निवासी सोमवती देवी पत्नी रामेश्वर का गांव के बाहर झोपड़ीनुमा घर है। सोमवार को घर में अचानक आग लग गई। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित सोमवती देवी ने बताया कि घर में रखे 40 हजार रुपये, गेहूं, कपड़े, रजाई, गद्दा और खाने पीने का सामान जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम SUNJEEDA MASROOR से बदलकर SANJIDA BEGAM पत्नी मसरूर अहमद खां निवासी मुहल्ला नालापार कूंचा सोदागरान रामपुर उप्र, रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ABDUL ALIM से बदलकर ABDUL ALEEM S/O MOHD YAMEEN मौहल्ला टनडोला टांडा रामपुर रख लिया अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD HANIF से बदलकर MOHAMMAD HANEEF रख लिया है। मौहम्मद हनीफ़ पुत्र श्री MAJHAR HUSSAIN निवासी मौहल्ला तशतपुर मियाँ सराय संभल।

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 55/2023
श्री पवन
बनाम
श्री मयंक अग्रवाल
पुत्र उमेश अग्रवाल निवासी ग्राम प्रीतमपुर
पो0 पिदारथु सिंकरा कानपुर देहात
जिला कानपुर-209715

श्री पवन ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.06.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

**सूचना**

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 54/2023
श्री विवेक
बनाम
श्री मयंक अग्रवाल
पुत्र उमेश अग्रवाल निवासी ग्राम प्रीतमपुर
पो0 पिदारथु सिंकरा कानपुर देहात
जिला कानपुर-209715

श्री विवेक ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.06.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

